नई दिल्ली
बुधवार, 19 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 311
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 28.0
न्यून. 13.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,967.39 | 29.47 ▼ |
| निफ्टी | 22,945.30 | 14.20 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 88,500 /- | 300/- ▲ |
| चांदी | 99,200/- | 800/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | मंदी/तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.96 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 75.77/ बैरल | 0.73% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## ‘रणनीतिक साझेदारी’ में तब्दील हुए भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंध

# दोनों देशों ने 2030 तक व्यापार को दोगुना कर 28 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य

### शीर्ष नेताओं की बातचीत में इजरायल-हमास विवाद से लेकर साझा हितों से जुड़े अन्य क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर किया गया विचार-विमर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

इसे लेकर दोहरे कराधान सहित कुल 7 समझौतों व एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। रणनीतिक साझेदारी के तहत दोनों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक-नवाचार, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत और कतर ने आगामी पांच वर्षों में यानी 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को 14.8 बिलियन डॉलर से दोगुना कर 28 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया। वहीं, मंत्रालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं की बैठक में जहां आपसी संबंधों को रणनीतिक स्तर तक पहुंचाने की सहमति प्रदान की गई। वहीं दोनों देशों की बहुआयामी साझेदारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं, इजरायल-हमास संघर्ष के बीच जारी शांति प्रक्रिया सहित साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया विवाद पर एक-दूसरे से अपना पक्ष साझा किया। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### राष्ट्रपति भवन में हुआ भव्य स्वागत

बैठक से पूर्व कतर के अमीर का प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से जोरदार अंदाज में स्वागत किया। जिसमें शेख अल थानी ने भवन के प्रांगण में तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिए गए संयुक्त गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया। मालूम हो कि कतर के अमीर अपने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बीते सोमवार से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। जिसके तहत 18 फरवरी को उनकी पीएम मोदी के साथ बैठक हुई। 2015 के बाद कतर के अमीर का यह भारत का दूसरा दौरा था। जिसमें प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़कर स्वयं हवाईअड्डे पर उनकी अगवानी की। कतर के अमीर के सम्मान में राष्ट्रपति ने स्वागत भोज दिया। इसके बाद उनकी भारत यात्रा संपन्न हुई और वो अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ कतर वापस रवाना हो गए।

### कतर ने रिहा किए 85 भारतीय पीएम ने जताया आभार

अरुण चटर्जी ने एक प्रश्न के जवाब में कहा, कतर में प्रवासी नागरिकों में सबसे ज्यादा संख्या भारतीयों की है। बैठक में पीएम ने भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण के लिए उठाए गए कदमों के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। इसमें कोविड मदद भी शामिल है। कतर के अमीर ने उनके देश के विकास में भारतीयों की भागीदारी के लिए आभार जताया। वर्तमान में कतर के जेलों में कुल 600 भारतीय हैं। कतर के नेता समय-समय पर इन्हें माफी के साथ रिहा करते हैं। पिछले साल 85 को माफी देकर रिहा किया है। एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों के आदान-प्रदान से जुड़े समझौते को कतर की मंजूरी का इंतजार है। जहां तक श्रमिकों की स्थिति का मामला है तो उसे लेकर दोनों देशों के बीच एक संयुक्त कार्य तंत्र है। पिछले सप्ताह हुई इसकी बैठक में श्रमिकों को लेकर कोई चिंता जाहिर नहीं की गई।

### भारत को मिलेगी 7.5 मिलियन टन एलएनजी

कतर भारत के लिए एलएनजी का बड़ा स्रोत है। दोनों देशों के बीच फरवरी 2024 में एक समझौता हुआ जिसमें कतर की पेट्रोएनर्जी लिमिटेड द्वारा भारत को प्रतिवर्ष 7.5 मिलियन मीट्रिक टन एलएनजी की वार्षिक सप्लाई की जाएगी। इसकी शुरुआत 2028 से होगा और समझौता 20 वर्षों के लिए मान्य होगा। बैठक में दोनों पक्षों ने ऊर्जा भागीदारी को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की। कतर भारत में निवेश का बड़ा भागीदार है। उनके इन्वेस्टमेंट फंड ने वर्तमान में देश में 1.5 बिलियन डॉलर एफडीआई का बिजली, आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुलभ हाउसिंग में निवेश किया है। दोनों नेताओं ने इंफ्रास्ट्रक्चर, बंदरगाह, शिपबिल्डिंग, एनर्जी (रिन्यूएबल), स्मार्ट सिटी, फूड पार्क, स्टार्टअप और एआई, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग जैसी नई तकनीक से जुड़े कुछ क्षेत्रों की पहचान की है। जहां कतर की निवेश अथॉरिटी भविष्य में निवेश कर सकती है।


### भारत-जीसीसी एफटीए पर चर्चा जारी

भारत और जीसीसी एफटीए पर दोनों पक्षों की बातचीत जारी है। कतर और भारत भी भविष्य में एफटीए करने के बारे में सोच रहे हैं। यह मुद्दों दोनों नेताओं की चर्चा में शामिल था। भारत-जीसीसी ने सऊदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### मुस्लिमों के लिए काम के घंटे कम किए

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों के काम के घंटे कम करने का ऐलान किया है। इसके बाद से राजनीति पारा गरम हो गई। इस फैसले पर भाजपा ने इसे कांग्रेस का तुष्टिकरण करार दिया है। भाजपा ने कहा है कि नवरात्रि के व्रत के दौरान हिंदुओं को ऐसी कोई छूट नहीं दी जाती है। फिर समुदाय विशेष को से सुविधा क्यों दी।



### डिस्काउंट देने के नाम पर 500 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** ईडी ने केरल में 12 जगहों पर सीएसआर फंड घोटाले के मामले में छापेमारी की। इस घोटाले के मुख्य आरोपी सरगना अनंथु कृष्णन के पास 21 बैंक अकाउंट हैं और उसने लोगों को धोखा देकर 548 करोड़ रुपए इकट्ठे कर लिए। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मंगलवार को मुख्य आरोपी 26 वर्षीय अनंथु कृष्णन से जुड़े ठिकानों की तलाशी ली।



### 21 फरवरी तक बढ़ाई गई अंतिम तिथि

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के लिए आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा के लिए आवेदन करने की समयसीमा को आगे बढ़ा दिया है। ताजा नोटिस के अनुसार, उम्मीदवार अब 21 फरवरी, 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि में यह दूसरा विस्तार है।



## जनसंचार के विभिन्न माध्यमों पर मंगलवार को प्रसारित किया गया ‘परीक्षा पे चर्चा-2025’ का अंतिम आठवां एपिसोड




# टॉपर्स ने छात्रों को दिया एग्जाम वॉरियर बनने का विशेष मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर आधारित ‘परीक्षा पे चर्चा-2025’ (पीपीसी) का मंगलवार को अंतिम आठवां एपिसोड प्रसारित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न बोर्ड से लेकर आईआईटी-जेईई और यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के 8 टॉपर्स ने अपनी सफलता की अनोखी कहानियों के जरिए छात्रों को एग्जाम वॉरियर बनने के लिए कई जरूरी मंत्र दिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में छात्रों से परीक्षा पे चर्चा के इस आखिरी रोचक एपिसोड को देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस एपिसोड में एग्जाम वॉरियर्स आपको बताएंगे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इस वर्ष पीपीसी का था आठवां संस्करण

*गौरतलब है कि इस वर्ष पीपीसी का आठवां संस्करण आयोजित किया गया था। जिसमें देशभर के अलग-अलग स्कूलों से चुने हुए 36 बच्चों से प्रधानमंत्री ने बीते 10 फरवरी को राजधानी के सुंदर नर्सरी में संवाद किया था। 2025 के संस्करण से जुड़े इस अहम आयोजन में भाग लेने के लिए कुल करीब 5 करोड़ से अधिक छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। पीपीसी की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी। पूर्व में पीपीसी के सात एपिसोड प्रसारित किए गए। जिनमें विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियों ने अपने सफलता के अनुभव छात्रों से साझा कर उन्हें प्रेरित किया था।*

### यह 8 टॉपर्स हुए शामिल

पीपीसी के अंतिम एपिसोड में जो 8 टॉपर शमिल हुए। इनमें सीबीएसई टॉपर-2022-23 राधिका सिंघल, आईसीएसई टॉपर-2022-23 शुचिस्मिता अधिकारी, दो पीपीसी के पूर्व छात्र ब्रह्मचारिमयम निष्ठा (एमबीबीएस छात्रा, मणिपुर विवि) और आईआईटी दिल्ली के छात्र आशीष कुमार वर्मा, 2023 के आईआईटी-जेईई के एआईआर-1 व आईआईटी बॉम्बे के छात्र चिद्विलास रेड्डी और क्लैट एआईआर-1 व एनएलयू बेंगलुरु के छात्र जयकुमार बोहरा और एनडीए-2024 एआईआर-1 अमनप्रीत सिंह और यूपीएससी-2022 एआईआर-1 इशिता किशोर शामिल हैं।

## ममता ने भगदड़ पर चिंता जताई बोलीं

# महाकुंभ ‘मृत्युकुंभ’ में बदल गया, वीआईपी को दीं सुविधाएं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि यह महाकुंभ ‘मृत्युकुंभ’ में बदल गया है। मैं महाकुंभ का और पवित्र गंगा मां का सम्मान करती हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए कोई प्लानिंग नहीं की गई है। भगदड़ में कई लोग मारे गए, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चल रहा है। कई लोग मिले ही नहीं। ममता ने कहा कि महाकुंभ में अमीरों और वीआईपी लोगों के लिए 1 लाख रुपए तक के टेंट मौजूद हैं। गरीबों ▶▶ शेष पेज 5 पर



### संतों ने की निंदा, कहा- चुनाव में मृत्युकुंभ साबित होगा

अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि अखिल भारतीय संत समिति पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के इस बयान की निंदा करती है कि महाकुंभ ‘मृत्युकुंभ’ है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा और पूर्वी भारत के हिंदू ‘अमृत स्नान’ के लिए यहां आ रहे हैं, उससे आपका (ममता) बेचैन होना स्वाभाविक है। मुझे लगता है कि पश्चिम बंगाल का आगामी विधानसभा चुनाव आपके राजनीतिक करियर के लिए ‘मृत्युकुंभ’ साबित होगा।

## लोकसभा महासचिव ने सुनक परिवार का स्वागत किया

# पूर्व ब्रिटिश पीएम सुनक ने परिवार के साथ संसद भवन का दौरा किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूनाइटेड किंगडम के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को अपनी पत्नी श्रीमती अक्षता मूर्ति और बेटियों कृष्णा और अनुष्का के साथ संसद भवन का दौरा किया। राज्यसभा से सांसद एवं अक्षता मूर्ति की मां सुधा मूर्ति भी उनके साथ थीं । लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सुनक और उनके परिवार का स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान, सुनक परिवार ने संसद भवन परिसर का दौरा किया और ▶▶ शेष पेज 5 पर



## रणवीर को कोर्ट ने लगाई फटकार कहा

# लगता है आपके दिमाग में गंदगी भरी है,ऐसा केस नहीं सुन सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समय रैना के शो ‘इंडियाज गॉट लेटेंट’ में रणवीर इलाहाबादिया ने अश्लील कमेंट किया था, जिसके बाद मामला काफी गरमा गया है। मुद्दा इतना गर्म हो गया कि इसे संसद में भी उठा गया था। भद्दे कमेंट के बाद यूट्यूबर के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने दावा भी किया था कि उनको जान से मारने की धमकी भी मिली थी। ऐसे में अब रणवीर ने इन सभी केस पर रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की। इस पर कोर्ट में सुनवाई ▶▶ शेष पेज 5 पर



## स्टेशन पर मची भगदड़ पर आरपीएफ की रिपोर्ट में खुलासा

# ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने से मची थी भगदड़ सीढ़ियों पर यात्रियों में हुई थी धक्का-मुक्की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत की हो गई थी। आरपीएफ की एक रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ है। आरपीएफ ने दिल्ली जोन को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें बताया गया है कि 15 फरवरी, रात करीब 8.45 बजे घोषणा की गई कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ▶▶ शेष पेज 5 पर

*घोषणा की गई कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। इसके बाद भगदड़ की स्थिति बनी। और सीढ़ियों पर आने-जाने वाले यात्रियों के बीच धक्का मुक्की हुई और लोग गिरने लगे।*



### स्टेशन इंचार्ज को दी थी भगदड़ की सूचना

रिपोर्ट के अनुसार, ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ स्टाफ जब 8:45 बजे भीड़ से भरे एफओबी 2 और 3 को खाली करने की कोशिश कर रहा था, तभी अनाउंसमेंट हुआ कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 12 से जाएगी। उसके कुछ देर बाद फिर से स्टेशन पर अनाउंसमेंट हुआ कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 16 से जाएगी। जिसके बाद यात्रियों ने भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरपीएफ के अनुसार रात 8:48 बजे ड्यूटी स्टेशन इंचार्ज को भगदड़ की सूचना दी गई।




### तीन आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

# लूटपाट के दौरान बुजुर्ग की चाकू मारकर हत्या का मामला सुलझा



**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।**

सराय रोहिल्ला में हत्या और लूट का मामला पुलिस द्वारा सुलझा लिया गया है। इस सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे लूटा गया सामान भी बरामद हो गया है। बरामद सामान में एक अल्ट्रासाउंड मशीन, एक लैपटॉप, बैग, पासबुक, चेक बुक आदि शामिल है।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार सराय रोहिल्ला थाने में 1 फरवरी को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि यहां पर किसी का मर्डर हो गया है। आईओ और अन्य स्टाफ घटनास्थल बी-6 बेसमेंट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, विवेकानंदपुरी, सराय रोहिल्ला पहुंचे। रणबीर सिंह (68) फर्श पर खून से लथपथ पड़े थे। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। शरीर के प्रारंभिक निरीक्षण के अनुसार कोई बाहरी चोट नहीं देखी गई। व्यक्ति को हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चूंकि मृतक के शरीर पर कोई बाहरी चोट नजर नहीं आ रही थी, इसलिए मृतक का पोस्टमॉर्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया गया। मृतक के बेटे ने पिता की हत्या की आशंका जताई, क्योंकि अल्ट्रासाउंड मशीन, लैपटॉप आदि सामान गायब था। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। करीब 300 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। फुटेज में घटना से ठीक पहले तीन संदिग्ध लोगों को घटनास्थल के पास देखा गया। एक कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बघरा, मुजफ्फरनगर में छापेमारी की गई और आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी निशानदेही पर लूट का सामान भी बरामद हो गया। इस हत्या का सरगना मोहम्मद परवेज आलम है जोकि एक झोलाछाप डॉक्टर है। वह बघरा में एक क्लीनिक चलाता था। उसे सामान सहित एक अल्ट्रासाउंड मशीन की आवश्यकता थी। उन्हें ऑनलाइन माध्यम से पीड़ित के कार्यालय की जानकारी मिली। आठ महीने पहले उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मशीन खरीदने की कोशिश की, लेकिन सौदा नहीं हो सका। इसके बाद उसने अपने दो साथियों के साथ पीड़ित से अल्ट्रासाउंड मशीन और लैपटॉप लूटने की साजिश रची। घटना वाले दिन वह अपने साथियों के साथ पीड़ित के ऑफिस आया था। बातचीत के दौरान उन्होंने पीड़ित को पकड़ लिया और उसका गला घोंट दिया। पीड़ित को नशे का इंजेक्शन भी दिया गया था। दूसरे आरोपी का नाम मोहम्मद नासिर और तीसरे का निखिल कुमार है। दोनों वार्ड ब्वॉय है।

## निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।**

शाहदरा जिले की साइबर टीम ने व्हाट्सएप के जरिये निवेश पर हाई रिटर्न का झांसा देकर ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक आरोपी व्यक्ति को जोधपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। यह शख्स उन लोगों में शामिल था जो धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खातों को संचालित करता था।

डीसीपी प्रशांत प्रिया गौतम के अनुसार शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर एक निवेश ग्रुप में शामिल होने का मैसेज प्राप्त हुआ था। शिकायतकर्ता को अच्छे रिटर्न का लालच देकर ऑनलाइन निवेश के लिए राजी किया गया था। शिकायतकर्ता ने शुरुआत में छोटी रकम का निवेश किया और बदले में लाभ प्राप्त किया। इसके बाद शिकायतकर्ता को अधिक मुनाफा कमाने के लिए अधिक निवेश करने का लालच दिया गया। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने कई लेनदेन में कुल 8,20,000 रुपये का भुगतान किया। बाद में जब शिकायतकर्ता को अपना पैसा वापस नहीं मिला, तो उसे धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पुलिस ने बैंक विवरण का विश्लेषण किया। 50 से अधिक मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकाली गई। इसके बाद आरोपी व्यक्ति का मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। उसकी लोकेशन जोधपुर में पाई गई। छापेमारी के बाद राजेंद्र मकवाना नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने साथियों के साथ धोखाधड़ी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए बैंक खातों को प्रबंधित किया था। उसे हर दिन खाते में आने वाले पैसे के अनुसार दैनिक कमीशन मिलता था।



आरोपी को जोधपुर राजस्थान से किया गिरफ्तार

## तेज रफ्तार ऑडी ने स्कूटी को मारी टक्कर, दो घायल

**नई दिल्ली।** लोधी रोड पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई गई है। घायलों के नाम नैतिक और अभिषेक है। इन्हें कार में सवार युवक ही अस्पताल लेकर गए थे।

एडिशनल डीसीपी अचिन गर्ग के अनुसार नैतिक की हालत स्थिर है, जबकि अभिषेक की गंभीर बनी हुई है। हादसा जोरबाग डाकघर के पास हुआ। तेज रफ्तार लाल रंग की ऑडी ने एक स्कूटी को टक्कर मारी और फिर पेड़ से टकरा गई। सोमवार रात 11:45 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को इस संबंध में कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस को दुर्घटना के बारे में बताया गया।

पुलिस के मुताबिक घटना के समय 19 और 20 साल की उम्र के दो युवक कार के अंदर थे। दोनों छात्र हैं। नैतिक और अभिषेक अपनी दादी से मिलने के बाद घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। दोनों घायलों की उम्र 15 और 21 वर्ष है। गर्ग ने कहा कि हमने हादसे के संबंध मामला दर्ज कर लिया है। कानून के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ओयो होटल में चल रहा जुए का अड्डा, चार दबोचे

**नई दिल्ली।** नांगलोई के एक ओयो होटल में चल रहे जुए के अड्डे का बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने पर्दाफाश किया है। इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें अड्डा चलाने वाला मास्टरमाइंड भी शामिल है। मौके से 69 हजार कैश और जुआ खेलने में इस्तेमाल अन्य सामान जब्त किया गया है। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार एक मुखबिर से मिली सूचना के बाद होटल पर छापा मारा गया था। होटल की छत पर कई लोग बैठकर जुआ संचालित कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही सभी लोग भागने लगे, लेकिन पहले से अलर्ट पुलिस टीम ने चार लोगों को दबोच लिया। इनके खिलाफ नांगलोई थाने में गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम राजेश जैन, अश्वनी गर्ग, कमल गोयल और गोलू बताये गये हैं। सभी रोहिणी और बुध विहार के रहने वाले हैं। इसमें राजेश जैन मास्टरमाइंड है।

## मोतीलाल नेहरू कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय मोतीलाल नेहरू कॉलेज में लगभग एक हजार लोगों की सुविधा वाला ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कॉलेज के प्राचार्य योगेश्वर शर्मा ने कहा कि ऑडिटोरियम के निर्माण से कॉलेज का लगभग पचास लाख रुपए का वार्षिक बचत होगा। कॉलेज अभी हर गतिविधि के लिए टेंट की व्यवस्था पर निर्भर रहता था और इसके बनने से यह टेंट व्यवस्था से मुक्त हो जाएगा व आत्मनिर्भर बनेगा। वहीं मोतीलाल नेहरु कॉलेज सांध्य के प्राचार्य संदीप गर्ग ने कहा कि बचत एक मसला है पर ऑडिटोरियम के निर्माण से जुड़ा हैं ही। इसके कारण हमें कभी बड़े कार्यक्रम की सोच भी नहीं सकते लेकिन जब हमारे पास हज़ार बारह सौ की कैपेसिटी वाला ऑडिटोरियम होगा तो आप राष्ट्रीय अंरर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे मे आसानी से कर



पाएंगे।

भूमि पूजन और शिलान्यास के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिणी परिसर के निदेशक श्री प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ऑडिटोरियम का निर्माण छात्र शिक्षक गतिविधियों को गति देगा, साथ ही कॉलेज के शिक्षक और छात्रों को बधाई दी। वहीं, कॉलेज के शिक्षक, छात्रों ने निर्माण कार्य के शुरू होने पर खुशी जाहिर की और जल्द निर्माण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मोतीलाल नेहरू कॉलेज और मोतीलाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) के सभी शिक्षक/गैर शैक्षणिक कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## चांदनी चौक शहर का गौरव, इसे बनाए रखने के लिए प्रयास जरूरी : हाईकोर्ट

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा)**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चांदनी चौक शहर का गौरव है और इसके रखरखाव के लिए सभी एजेंसियों को आवश्यक प्रयास करने चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने पुनर्विकास के बाद भी चांदनी चौक क्षेत्र में एजेंसियों की ओर से 'खराब रखरखाव' और 'लापरवाही' का जिक्र करते हुए चिंता जाहिर की। पीठ ने कहा कि कृपया इस मामले को गंभीरता से लें। इसमें उच्च स्तर के अधिकारी शामिल होंगे। हम अधीनस्थ अधिकारियों से संतुष्ट नहीं होंगे। यह दिल्ली का गौरव है। उच्च न्यायालय ने कहा कि सभी प्राधिकारियों को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, ताकि चांदनी चौक ऐतिहासिक और वाणिज्यिक स्थल के रूप में अपनी पहचान न खो दे। पीठ ने चांदनी चौक को 'हमारी विरासत' बताते हुए इसकी 'मूल अवधारणा' की रक्षा करने पर जोर दिया और कहा कि सभी हितधारकों को एजेंसियों पर निर्भर रहने के बजाय एक साथ आना चाहिए। अदालत ने चांदनी चौक के रखरखाव के लिए रूपरेखा तैयार करने के वास्ते नगर प्रशासन के 'सर्वोच्च' अधिकारियों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया और कहा कि रखरखाव की देखरेख करने वाली मौजूदा समिति ठीक से काम नहीं कर रही है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा लगता है कि वर्तमान समिति ठीक से काम नहीं कर रही है। केवल बैठकें करना और इसके निर्णयों को लागू न करना नहीं चलेगा। हमें न केवल दुकानदारों के अस्तित्व को बचाना है, बल्कि चांदनी चौक की अवधारणा को भी बचाना है। यह हमारी विरासत है। इसलिए सभी को साथ आना चाहिए। केवल एजेंसियों पर निर्भर रहने से काम नहीं चलेगा। इस मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी।

## सिख दंगे: अभियोजन पक्ष ने हत्या के मामले में सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी (भाषा)**

दिल्ली में वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में अभियोजन पक्ष ने मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की और इसे 'दुर्लभतम' अपराध करार दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा दायर एक लिखित हलफनामे में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को इस दलील के बारे में जानकारी दी गई। हत्या के लिए न्यूनतम सजा आजीवन कारावास है।

कुमार के वकील ने मामले पर बहस करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद न्यायाधीश ने यह कहते हुए मामले की सुनवाई 21 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी कि वकील, अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में मंगलवार को काम नहीं करेंगे। शिकायतकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का ने अभियोजन पक्ष की मृत्युदंड की मांग का समर्थन किया और बहस के लिए समय मांगा। कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की एक नवंबर 1984 को हत्या कर दी गयी थी। हत्या के सिलसिले में पंजाबी बाग थाने ने मामला दर्ज किया था लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच की जिम्मेदारी ले ली थी। अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए और उनके खिलाफ 'प्रथम दृष्टया' मामला पाया।

कांग्रेस के उस समय के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार वर्ष 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोपी थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

## अंतर-विश्वविद्यालय क्विज प्रतियोगिता में जामिया ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया

**नई दिल्ली।** जामिया की क्विज टीम ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा आयोजित 38वें अंतर-विश्वविद्यालय उत्तर-पश्चिम क्षेत्र युवा महोत्सव के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम हरियाणा के हिसार में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के 22 प्रमुख विश्वविद्यालयों ने प्रतिभागिता की थी। विश्वविद्यालय के क्विज क्लब की क्विज टीम का प्रतिनिधित्व बीए प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र यासिर अब्दुल्ला, बीए राजनीति विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्र अभिज्ञान शांडिल्य और एमए इंटरनेशनल एंड एरिया स्टडीज प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र मोहम्मद अनस वीपी ने किया। कुलपति प्रो मज़हर आसिफ ने टीम को उसकी उपलब्धि हेतु बधाई दी और टीम के भावी प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। जामिया क्विज टीम के असाधारण प्रदर्शन ने उन्हें उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में दूसरी सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक टीम होने का गौरव प्रदान किया है। यह उपलब्धि उन्हें आगामी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में जामिया और उत्तर-पश्चिम क्षेत्र दोनों का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाती है जो अगले महीने नोएडा के एमिटी विश्वविद्यालय में होने वाला है। उल्लेखनीय रूप से यह छठा अवसर है जब जामिया की क्विज़ टीम राष्ट्रीय फाइनल में आगे बढ़ी है जो उनकी अटूट प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता और क्विज़ मेंटर प्रो मोहम्मद कमालुन नबी द्वारा प्रदान की गई सलाह को उजागर करता है।

## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण किए वितरित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक सादे समारोह में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय तरुण मित्र परिषद द्वारा परिषद सभागार में किया गया। दिल्ली नगर निगम में मनोनीत निगम पार्षद मनोज कुमार जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि तरुण मित्र परिषद देश के विभिन्न राज्यों में दिव्यांग शिविरों का आयोजन कर सराहनीय कार्य कर रही है। परिषद द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर, पोलियो कैलिपर, ऑर्थो शूज एवं श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवण यंत्र प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल रही है। परिषद के महामंत्री अशोक जैन ने जानकारी दी कि आगामी 2 मार्च को सम्मेद शिखर, मधुबन (जिला - गिरिडीह, झारखंड) में आयोजित 55वें दिव्यांग शिविर में 110 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, 56वां दिव्यांग शिविर 8 मार्च को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर परिषद के संगठन सचिव राकेश जैन, सहसचिव आलोक जैन, राम किशोर शर्मा एवं रविंद्र कुमार जैन सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों को तनाव से दूर रखने में मदद करेगा अस्पताल का पार्क

**नई दिल्ली।** लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के कलावती सरन बाल अस्पताल में बच्चों के लिए एक खुशी का माहौल बनाने की पहल की गई है। कॉलेज की निदेशक डॉ सरिता बेरी ने अस्पताल परिसर में एक बच्चों के लिए पार्क का उदघाटन किया। इस पार्क का मकसद बच्चों को अस्पताल में आने पर कुछ खुशनुमा पल देना है। देखा जाता है कि अक्सर बच्चे अस्पताल के माहौल से डर जाते है और उदास हो जाते है। इस पार्क में खेल-कूद और मनोरंजन की सुविधाएं होंगी, जिससे बच्चों का ध्यान बीमारी से हटकर सकारात्मक गतिविधियों में लगेगा। इस अवसर पर डॉ बेरी ने बताया कि बच्चों की मानसिक और भावनात्मक सेहत का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है, जितना कि उनकी शारीरिक सेहत का। यह पार्क बच्चों के तनाव से दूर रखने और उन्हें खुशी देने में मदद करेगा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इस पार्क बच्चों के लिए झूले, स्लाइड और दूसरे मनोरंजक उपकरण लगाए गए हैं। पार्क को रंगीन और आकर्षक बनाया गया है, ताकि बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करे। अस्पताल में आने वाले बच्चे और उनके परिजन अब इस पार्क में कुछ समय बिताकर अपना तनाव कम कर सकते है। इस पहल से कलावती सरन चिल्ड्रन अस्पताल में बच्चों के लिए आरामदायक माहौल बनने में मदद मिलेगी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिरुद्ध, पुत्र :** श्री कन्हैया शाह, **पता:** जी–312, इंदर एन्क्लेव फेज़–2, किरारी सुलेमान नगर, नांगलोई, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 612/22 U/S 33/38 Delhi Ex. Act, थाना: निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिरुद्ध** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिरुद्ध** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 612/22 U/S 33/38 Delhi Ex. Act, थाना: निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिरुद्ध** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1864/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहरुख उर्फ समीर** पुत्र नसीम अहमद निवासी एफ–11ए/132, बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1122/2021 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शाहरुख उर्फ समीर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शाहरुख उर्फ समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1122/2021 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.03.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री सायशा चड्ढा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 272,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2013/N/2025

### वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में किया गया सघन पौधारोपण

# पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को लेकर गंभीर है दिल्ली विश्वविद्यालय : प्रो. योगेश सिंह

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली**



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के दौरान जहां भी वृक्ष बीच में आते हैं, उन्हें काटने की बजाए दूसरी जगह लगाने पर कार्य हो रहा है। मंगलवार को डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने सघन पौधरोपण कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर यह बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी एक नींबू का पौधा लगाया। डीयू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार डीयू ने गैर-सरकारी संगठन ग्रीन यात्रा के साथ मिलकर शहरी सघन पौधारोपण करके वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कुलपति की प्रतिबद्धता से प्रेरित यह हरित पहल शहरी परिवेश में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर साउथ कैंपस के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रंजन त्रिपाठी द्वारा भी अन्य देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस हरे भरे क्षेत्र में अब 41 प्रजातियों के लगभग 750 पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह एक प्रयोगात्मक पहल है। यदि यह सफल साबित होता है, तो हम परिसर के भीतर उपलब्ध अन्य छोटे भूखंडों में भी सघन वृक्षारोपण तकनीक का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं।

### स्थानाभाव के कारण सघन वृक्षारोपण एक अच्छी पहल

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण सघन वृक्षारोपण एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों और विस्तार कार्यों के लिए कई बार वृक्षों को हटाना तो पड़ता है, इसलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में उपयुक्त स्थानों की पहचान करके सघन वृक्षारोपण पर और भी काम होना चाहिए, ताकि हरियाली कायम रहे। कुलपति ने कहा कि यह उद्यम न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के लिए हमारे विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाता है, बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में भी कार्य करेगा। कुलपति ने कहा कि वायु प्रदूषण से निपटना और हमारे शहरों में पारिस्थितिकी संतुलन बहाल करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### प्रसिद्ध मियावाकी तकनीक के आधार पर बनाया गया

दिल्ली विश्वविद्यालय उद्यान समिति की अध्यक्ष प्रो. रूपम कपूर ने बताया कि डीयू आर्ट्स फैकल्टी के पास 300 वर्ग मीटर के एक छोटे से भूखंड पर विकसित यह शहरी वृक्षारोपण जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा अग्रणी प्रसिद्ध मियावाकी तकनीक के आधार पर बनाया गया है। यह तकनीक घने समूहों में देशी पेड़ों और झाड़ियों के रोपण पर जोर देती है, जो इसे सीमित भूमि संसाधनों वाले शहरी क्षेत्रों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है। मियावाकी पद्धति न केवल छोटे स्थानों में हरित आवरण को अधिकतम करती है बल्कि विकास को भी गति देती है, जैव विविधता को बढ़ाती है और वायु गुणवत्ता में सुधार करती है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से जैविक है, जिसमें मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए चावल की भूसी, सरसों की खली, वर्मीकम्पोस्ट, गौमूत्र, गुड़ और चने के पाउडर का पारंपरिक उपयोग किया जाता है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | टीएस डिवीजन, एचवीपीएनएल, रोहतक के तहत 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल बी.गढ़ (ओल्ड) में आवासीय / गैर-आवासीय भवनों का विखण्डन करना। | 28.01.2025 13.03.2025 | 27.44 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | टीएस डिवीजन, एचवीपीएनएल, रोहतक के तहत 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल झज्जर में आवासीय / गैर-आवासीय भवनों का विखण्डन करना। | 28.01.2025 13.03.2025 | 45.72 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/32414/1/88/7 दि. 18.02.25

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका अभी तक कोई अता-पता नहीं : राय

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभी तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा न करने पर आम आदमी पार्टी (आप)के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। उन्होंने पूछा कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है। राय ने कहा कि इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास में पहली बार देखा जा रहा है कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है। राय ने कहा कि आम तौर पर परंपरा रही है कि चुनाव के पश्चात जो भी पार्टी जीती होती है, वह अपने विधायक दल की बैठक करती है, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाता है जो मुख्यमंत्री का दावेदार होता है।

### दंत शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** ईएसआईसी दंत महाविद्यालय और अस्पताल, रोहिणी के संकाय के लिए एक विशेष संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दंत शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और इमर्सिव प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा की गई। इसमें ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर), एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) और हैप्टिक्स शामिल हैं। यह सहयोगात्मक अनुसंधान गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) और क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन (क्यूएमयूएल) के बीच एक पहल है। कार्यशाला का शीर्षक 'दंत शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत करना एक महत्वपूर्ण वैश्विक मौखिक स्वास्थ्य चुनौती को संबोधित करने के लिए क्षमता निर्माण' करना था।

### रामलीला मैदान में जोर-शोर से चल रही है तैयारियां, शपथ ग्रहण कल

# घोषणा आज, कौन बनेगा दिल्ली का सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के लिए अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इस रहस्य से आज, बुधवार को पर्दा उठने वाला है और कल, गुरुवार को रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई जाएगी। बता दें कि भाजपा द्वारा रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर शोर से चलाई जा रही है, क्योंकि इस समारोह में आम आदमी से खास आदमी तक शामिल होंगे।

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के लिए वास्तविक नाम एक गोपनीय रहस्य है और इसका खुलासा विधायक दल की बैठक में ही किया जाएगा। इसके बाद दिल्ली के नए मुख्यमंत्री 20 फरवरी को शपथ लेंगे। 20 फरवरी को सुबह 11 बजे नए सीएम का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के अन्य शीर्ष पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा इस बार 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर सत्ता में आई। आप ने 22 सीटें जीतीं जबकि कांग्रेस को पांच फरवरी को हुए चुनावों में एक भी सीट नहीं मिली। बता दें कि मौजूदा सीएम आतिशी ने आप की करारी हार के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।



#### किस के सिर पर होगा दिल्ली का ताज?

मुख्यमंत्री का ताज किसके सिर पर सजेगा इस बात को लेकर अभी भी अटकलें लगाई जा रही है। वहीं, बताया जा रहा है कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा और विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता विजेंद्र गुप्ता के नाम शामिल हैं। वहीं, कुछ अन्य नामों में विधायक आशीष सूद, सतीश उपाध्याय, पवन शर्मा, रेखा गुप्ता और अजय महावर के नाम भी गिनाए जा रहे हैं।

#### नया चेहरा आ सकता है सामने

पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ की तरह किसी 'अदृश्य उम्मीदवार' का समर्थन कर सकते हैं। हालांकि, विधायकों में से ही किसी एक को चुनने की संभावना अधिक है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर टेंट लगाने और कुर्सियां लगाने में जुटे थे। धूल को कम करने के लिए मैदान पर पानी का छिड़काव किया जा रहा था।

#### 27 साल बाद बनेगी भाजपा की सरकार

भाजपा सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए रामलीला मैदान को इसलिए चुना गया है, क्योंकि 27 साल बाद दिल्ली में उनकी पार्टी की सत्ता में वापसी हो रही है और इस लंबे अंतरात के बाद उत्साहित कई कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना चाहते हैं। इस समारोह में केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। दिल्ली समेत एनडीए शासित राज्यों के कई सांसद भी समारोह में शामिल होंगे। भाजपा के जमीनी स्तर के अभियान में प्रमुख भूमिका निभाने वाले 700 से अधिक विस्तारकों को भी शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

#### नई सरकार में 6 मंत्री लेंगे शपथ

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ छह मंत्री भी शपथ लेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि किसे मंत्री पद मिलेगा, लेकिन अनुसूचित जातियों के अलावा बनिया, पूर्वांचली, पंजाबी और सिख सहित विभिन्न समुदायों और जाति समूहों को प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है। सरकार में महिलाओं को भी शामिल किया जा सकता है।

## राष्ट्रपति ने जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जैन (60) के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई थी।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूतों' के आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बीएनएसएस की धारा 218 लोक सेवकों और न्यायाधीशों के खिलाफ मुकदमे से संबंधित है। यह आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करते समय किए गए कथित अपराधों के लिए आरोपी के खिलाफ आरोप लगाने की प्रक्रिया को रेखांकित करती है। सूत्रों ने बताया कि अब ईडी एक नया पूरक आरोपपत्र दाखिल कर अदालत को राष्ट्रपति द्वारा मुकदमा चलाने की मंजूरी के बारे में सूचित करेगा। ईडी ने जैन के खिलाफ कथित हवाला सौदों से जुड़े धन शोधन का मामला दर्ज किया और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जब जैन को ईडी की हिरासत में लिया गया था, तब उनके पास स्वास्थ्य, बिजली और कुछ अन्य विभाग थे। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

## हार की खीझ में भाजपा एवं संवैधानिक संस्थाओं पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं आप नेता : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) नेता व सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को भाजपा एवं संवैधानिक संस्थाओं पर अनर्गल आरोप लगाने के साथ ही हार की खीझ में अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी यह कह कर अपमान कर डाला कि उन्होने पैसे लेकर चुनाव पूर्व ही उंगली पर स्याही लगवा ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बयान जारी कर आप नेताओं पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि जनता द्वारा अपने भ्रष्टाचारी कुशासन एवं आराजक कार्य व्यवस्था के चलते नकारे जाने के बावजूद मात्र कुछ ही दिनों में आम आदमी पार्टी के नेता अपना अशिष्ट व्यवहार पर वापस आ गये हैं। उन्होने कहा है कि पूर्व मंत्री गोपाल राय दो दिन से भाजपा के मुख्यमंत्री के नाम की बहुत चिंता कर रहे हैं, बेहतर होता वह भाजपा के नेता की चिंता छोड़कर दिल्ली वालों बतायें कि उनके विधायक दल का नेता यानि विपक्ष का नेता कौन है।

सचदेवा ने कहा है कि यह खेदपूर्ण है कि संजय सिंह जैसे 'आप' नेता हमेशा से भाजपा के विरूद्ध असभ्य भाषा में बोलते रहे हैं और चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों से हार का आभास होते ही आप नेता चुनाव आयोग पर आक्षेप लगाने लगे थे पर आज हार से हताश संजय सिंह ने जिस तरह चुनाव आयोग के साथ ही संसद एवं सुप्रीम कोर्ट पर भी पक्षपात का आरोप मढ़ने का प्रयास किया वह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। सचदेवा ने कहा है कि बेहतर होगा 'आप' नेता खीझना और झुंझलाना छोड़ दें क्योंकि आने वाले दिनों में उनके मुकदमों के वकील बदलते ही उन्हे रोज़ न्यायालयों के चक्कर लगाने होंगे तब शायद ज्यादा झुंझलाहट होगी।

# सरकारी अस्पतालों में दवाइयां खत्म, लोगों को अब नई सरकार से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में दवाइयों की बेहद कमी है। मौजूदा हालत यह है कि अस्पताल में इलाज के लिए जा रहे हैं नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी पूरी दवाइयां नहीं मिल रही हैं। दिल्ली सरकार के बड़े अस्पताल लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल (एनएनजेपी) की बात करें तो यहां की बच्चों की ओपीडी में बच्चों की दवाइयां पूरी नहीं मिल रही है। मंगलवार को अधिकतर तीमारदारों को पूरी दवाइयां नहीं मिली और वह मायूस होकर लौट गए। अस्पताल में पांचवें तल पर बनी बच्चों की



ओपीडी में दवा का काउंटर है। यहां के डॉक्टर जो भी बच्चों को दवा लिखते हैं वह इसी तल पर बने दवा काउंटर से मिल जाती है। लेकिन इस समय इस काउंटर पर लाइन में खड़े लोगों को पूरी दवाइयां नहीं मिली। दवा काउंटर पर तैनात कर्मचारी ने कहा कि क्या दवाएं है ही नहीं तो कहां से दूं।

बता दें कि इस अस्पताल में पूरी दिल्ली समेत पड़ोसी राज्यों के लोग भी अपने बच्चों को इलाज करवाने आते हैं। लेकिन दवाइयां न मिलने से वह आज मायूस नजर आए। उन्होंने कहा कि पहले तो लाइन में लगते हैं और जब दवा लेने पहुंचते हैं तो पता चलता है कि पूरी दवा ही नहीं मिल रही है। एक बच्चें के मां ने पर्चा दिखाते हुए कहा कि उसे पांच में से केवल दो दवाएं ही मिली है। हालांकि दवा काउंटर पर लाइन में लगे लोगों की मदद के लिए एक कर्मचारी आगे आया। उसने लाइन में लगे सभी लोगों के पर्चों को चेक किया और उन्हें बताया कि उनके पर्चे पर लिखी दवा अस्पताल में मौजूद है या नहीं। जिन पर्चों की दवाएं मौजूद होती थीं उन पर्चा धारकों को लाइन में लगा रहने देता था और जिन पर्चों की दवाएं मौजूद नहीं थी उनसे कहता था कि आप जाओ ये दवाएं यहां नहीं है इन्हें बाहर से खरीद लेना। हालांकि अस्पतालों में दवाओं की कमी का सिलसिला काफी समय से चल रहा है। लेकिन अब लोगों को नई सरकार पर उम्मीद है। तीमारदारों ने कहा कि अब दिल्ली में नई भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इससे अब उम्मीद लग रही है कि अस्पतालों में दवाइयां पूरी मिलेगी।

### लक्ष्मीनगर में विकास के काम हुए शुरू

**नई दिल्ली।** लक्ष्मीनगर विधानसभा में रुके हुए विकास के काम अब शुरू हो गए हैं। यहां की गलियों की सड़कों और नालियों को बनाने का काम जो अधूरा पड़ा था वह शुरू हो गया है। गौरतलब है कि लक्ष्मीनगर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधायक रहे अभय वर्मा को ही टिकट दिया था और उन्होंने भारी मतों से दोबारा जीत दर्ज की। चुनाव से पहले अभय वर्मा ने लक्ष्मीनगर विधानसभा में विकास के काम शुरू करवाए थे। लेकिन आचार संहिता लागू होने के कारण वह काम रोकने पड़े। चूंकि अब पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनने जा रही है इसलिए उन्होंने अपने क्षेत्र के रुके हुए काम जो पहले से मंजूर थे उनको तेजी से पूरा कराने में जुट गए हैं।

# अब रात के समय भी दिल्ली के बाजारों में सफाई करेगी एमसीडी : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के बाजारों में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए 312 बाजारों में रोजाना रात्रिकालीन सफाई अभियान की शुरुआत की जा रही है। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने उपमहापौर रविंद्र भारद्वाज और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ मंगलवार को निगम मुख्यालय में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। महापौर महेश कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के बाजार गंदगी और कचरे से मुक्त हों, जिससे नागरिकों और आगंतुकों को साफ-सफाई और सुखद अनुभव मिले। महापौर ने कहा कि मंगलवार के उन्होंने सभी 12 जोनों के उपायुक्तों के साथ बैठक की थी। बैठक में सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि वे सख्ती से इस अभियान को लागू करें। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी सरकार के नेतृत्व में चांदनी चौक मार्केट से रात्रिकालीन सफाई की शुरुआत हुई थी। जिसे अब



■ स्वच्छता बनाए रखने के लिए दिल्ली के 312 बाजारों में चलेगा अभियान

दिल्ली के बाकी बाजारों में भी लागू किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली निगम सरकार दिल्ली को साफ सुथरा स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

#### जोन उपायुक्तों को दिए गए निर्देश

महापौर महेश कुमार ने कहा कि सभी जोनों के उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रत्येक जोन में रात्रिकालीन सफाई अभियान की देखरेख के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को अधिकारी नियुक्त करें। ये अधिकारी रात्रिकालीन सफाई कार्य का निरीक्षण करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि बाजार साफ-सुथरे हों। उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि वे मार्केट एसोसिएशन के प्रधानों को इस सफाई अभियान में शामिल करें। महापौर ने नागरिकों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है ताकि शहर के बाजार साफ-सुथरे तथा स्वच्छ रहें।

#### स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है निगम : भारद्वाज

उपमहापौर रविंद्र भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने नागरिकों को स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल उसी दिशा में एक कदम है तथा हमें विश्वास है कि बाजार संघों तथा जनता के सहयोग से हम दिल्ली के बाजारों को अधिक स्वच्छ तथा स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### महापौर ने शाहदरा उत्तरी जोन में किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर महेश कुमार ने शाहदरा उत्तरी जोन में वार्ड संख्या 243, मुस्तफाबाद क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त, कर्नल विनोद अतरी भी उपस्थित थे। महापौर ने सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया और क्षेत्र को साफ स्वच्छ रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मान सिंह नगर स्थित निगम विद्यालय दौरा किया। महापौर के संज्ञान में आया कि स्कूल में टीचर्स की काफी कमी है और 16 कमरों के स्कूल में काफी संख्या में बच्चे पढ़ते है। जिस कारण स्कूल पर अतिरिक्त बोझ है। महापौर ने निर्देश दिए कि क्षेत्र में एमसीडी की खाली पड़ी ज़मीन पर स्कूल बनाया जाये। महापौर ने स्टॉफ के साथ स्कूल का दौरा किया और ख़राब पड़े वाटर कूलर को तुरंत प्रभाव से ठीक करवाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की आधारभूत आवश्यकताओं को निश्चित रूप से पूरा किया जाना चाहिए और इस सम्बन्ध में किसी भी कोताही को सहन नहीं किया जायेगा।

### उपराज्यपाल ने जल बोर्ड सहित सरकार के विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ ग्रीष्मकालीन कार्य योजना पर की चर्चा

# गर्मी के दिनों में न हो पानी की किल्लत : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों सहित दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। एलजी सचिवालय में आयोजित बैठक में दिल्ली के लोगों के लिए बनाई जाने वाली ग्रीष्मकालीन कार्य योजना पर चर्चा की गई, ताकि आने वाली बढ़ती गर्मी में उन्हें पानी की कोई समस्या न हो। एलजी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, हरियाणा के साथ बातचीत करने की योजना पर भी चर्चा की गई, ताकि मई से जून के महीनों में पानी की कमी न हो।




इससे पहले 16 फरवरी को एलजी और राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य सचिव के बीच हुई बैठक के बाद यमुना नदी को साफ करने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए गए थे। नदी में ट्रैश स्किमर, वीड हार्वेस्टर और ड्रेज यूटिलिटी वाहन तैनात किए गए थे। एलजी कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, यमुना में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए चार-आयामी रणनीति बनाई गई है। बयान में कहा गया है कि सबसे पहले, यमुना नदी की धारा में मौजूद कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। साथ ही, नजफगढ़ नाले, सप्लीमेंट्री नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों की सफाई का काम भी शुरू किया जाएगा। वहीं मौजूदा एसटीपी की क्षमता और उत्पादन के संदर्भ में उन पर दैनिक निगरानी रखी जाएगी और लगभग 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी/डीएसटीपी आदि के निर्माण के संदर्भ में समयबद्ध योजना बनाई जाएगी और उसे चालू किया जाएगा। एलजी कार्यालय ने नदी की सफाई के लिए तीन साल की समयसीमा तय की है, जिसमें डीजेबी, आईएंडएफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए सहित विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच 'निर्बाध समन्वय' की आवश्यकता पर बल दिया गया है। एलजी ने प्रगति की साप्ताहिक निगरानी का भी आदेश दिया है और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को प्रक्रिया पर सख्त निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।




## स्पोर्ट्स टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा खेल प्रतिभाओं को मिलेगा निखरने का मौका


# 103 करोड़ की लागत से नगर निगम बनाएगा मल्टी स्पोर्ट्स कांपलेक्स, यूपी शासन से मिल गई हरी झंडी

नगर निगम में 103 करोड़ के लागत से मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने का निर्णय लिया है। नगर निगम के इस प्रोजेक्ट को शासन ने हरी झंडी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली एनसीआर के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी खबर है ।यहां पर नगर निगम में 103 करोड़ के लागत से मल्टी स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाने का निर्णय लिया है। नगर निगम के इस प्रोजेक्ट को शासन ने हरी झंडी दे दी है। इसके बाद नगर निगम ने इस पर कार्रवाई अमल में लाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।वहीं शहर जनप्रतिनिधियों तथा खेल संगठनो द्वारा नगर आयुक्त को शुभकामनाएं भी दी गई। यहां पर कुल 22 खेल खेले जा सकेंगे।जिसमें 8 से 9 खेल ऐसे हैं जिनके नेशनल टूर्नामेंट भी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हो सकेंगे। शहर की उभरती हुई छवि पूरे देश में निखार लेगी ।

### आधुनिक तकनीकी को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा




मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि गाजियाबाद नगर आयुक्त की नेतृत्व में लगातार प्रयास को सफलता मिली है ।जिसमें मल्टी स्पोर्ट कंपलेक्स गाजियाबाद के लिए स्वीकृत हुआ है, स्पोर्ट्स कंपलेक्स स्पा, योग रूम, फिजियोथैरेपी रूम, एयर शूटिंग रूम, कॉम्बैट हॉल, स्क्वैश कोर्ट, डॉक्टर क्लीनिक, मैनेजर रूम, चिल्ड्रन एक्टिविटी रूम, कमांड एंड कंट्रोल रूम, कॉमन टॉयलेट ब्लॉक, कॉमन एरिया इंक्लूडिंग एंट्रेंस लॉबी पैसेज टॉयलेट बनाए जाएंगे। जिनको बनाने के क्रम में आधुनिक तकनीकी को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। इसके अलावा गेस्ट रूम, कैफेटेरिया बैंक्विट हॉल, स्पोर्ट्स गुड्स शॉप्स, कम्युनिटी लोन भी भव्य रूप से तैयार किया जाएगा, फुटपाथ एरिया तथा पार्किंग के लिए लगभग 8233 स्क्वायर मीटर स्थान लिया गया है।

### टेंडर की कार्रवाई प्रारंभ करने संबंधित को दिए निर्देश

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन में लगभग 48000 स्क्वायर मीटर भूमि पर 103 करोड़ की लागत से मल्टी स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाया जाएगा। जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था कई बार शासन के समक्ष परियोजना का प्रजेंटेशन भी दिया गया। जिसको स्वीकृति मिल गयी। जिसका कार्य प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं। टेंडर की कार्यवाही प्रारंभ करने के लिए कहा गया है। करदाई संस्था सी एंड डी एस उत्तर प्रदेश जल निगम है। इस स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में लगभग 22 प्रकार के खेल खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थित किए जाएंगे । जिसमें बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल, कबड्डी, कराटे, पिक बॉल, लॉन टेनिस, शूटिंग वॉलीबॉल, वाटर पोलो, स्विमिंग, जिमनास्टिक, योग, खो खो, बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, भी शामिल रहेंगे, वही आउटडोर गेम में क्रिकेट पिच, फिट इंडिया जॉन, पुटसल, वॉलीबॉल वॉकिंग, जॉगिंग लॉन, टेनिस किड्स प्ले एरिया भी शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा-कांग्रेस के बागी बने दोनों के लिए सिरदर्द



गुरुग्राम । यहां भाजपा और कांग्रेस के बागी प्रत्याशी निकाय चुनाव का गणित बिगाड़ सकते हैं। यह बागी प्रत्याशी भाजपा और कांग्रेस के लिए सिरदर्द बन गए हैं। ऐसे में बागी प्रत्याशियों द्वारा सोमवार को नामांकर दाखिल करने के बाद वरिष्ठ नेताओं ने उनसे संपर्क साधना शुरू कर दिया है। बागियों को मनाने के लिए अलग-अलग नेताओं को लगाया गया है। मंगलवार को नामांकर वापस लेने का दिन था।

### ठेका प्रथा शुरू करने के विरोध में प्रदर्शन



फरीदाबाद। आज नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय पर झाड़ू प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री भी मौजूद रहे।झाड़ू प्रदर्शन की अध्यक्षता नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर ने की जबकि कार्यक्रम के मंच का संचालन कर्मी नेता महेन्द्र कुडिय़ा ने किया।कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि नगर निगम प्रशासन शहर की मार्किटों की सफाई व्यवस्था को निजी हाथों में देना चाहता है, जिसका नगर निगम के सफाई कर्मचारी विरोध करते हैं ।

### चोरी के विवाद में पिता को जिंदा जलाया



फरीदाबाद। नवीन नगर में एक पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद ने भयानक रूप ले लिया। 14 वर्षीय किशोर ने अपने पिता को कमरे में बंद कर जिंदा जला दिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय आलम अंसारी के रूप में हुई है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और जांच शुरू कर दी है।घटना रात करीब 1.30 बजे की है। पिता ने बेटे को पैसे चोरी करने और पढ़ाई को लेकर डांटा था।

## किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने की तैयारी

# नगर निगम चुनाव के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी किए नियुक्त

नगर निगम चुनाव के सुचारू संचालन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में नगर निगम चुनाव के सुचारू संचालन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। डीसी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मटेरियल प्रबंधन के लिए नगर निगम सचिव जयदीप, टेंटेज से संबंधित कार्य के लिए नगर निगम फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त राजेश कुमार, आदर्श आचार संहिता व पोलिंग बूथों पर आवश्यक प्रबंधनों के लिए नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल, मैनपावर प्रबंधन के लिए नगराधीश अंकित कुमार व डीआईओ विपिन, ट्रेनिंग प्रबंधन के लिए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह व संयुक्त आयुक्त द्विजा तथा ट्रांसपोर्ट से संबंधित जरुरी व्यवस्थाओं के लिए आरटीए फरीदाबाद मुनीश सहगल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**खास बातें**

- व्यवस्थाओं के लिए आरटीए मुनीश सहगल नोडल अधिकारी नियुक्त
- कानून व्यवस्था बनाए रखने जिम्मेदारी डीसीपी सेंट्रल उषा देवी को

### फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त




फरीदाबाद नगर निगम के चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग ने तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। हरियाणा के राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक नगर निगम चुनाव के लिए तीन श्रेणियां के पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन पर्यवेक्षकों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न होगी। फरीदाबाद नगर निगम के लिए आईएएस अनीता यादव को सामान्य पर्यवेक्षक, आईपीएस राजश्री सिंह को पुलिस पर्यवेक्षक और डीईटीसी सुनीला सिंह को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग का कहना है की इन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सकेगा।

### यमुना रेत व मिट्टी का अवैध खनन रोकने के लिए गांवों का किया निरीक्षण

*यमुना नदी से रेती और मिट्टी के अवैध खनन को रोकने माइनिंग विभाग ने कई गांवों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। माइनिंग अधिकारी कमलेश बिदलान ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम ने जिला के गांव छांयसा, अरुआए हीरापुर, चांदपुर, घरोडा व मंझावली आदि में जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को भी यमुना रेती और मिट्टी के अवैध खनन न करने की हिदायत दी । साथ ही ऐसा करने वालों के बारे में प्रशासन को सूचना देने का आह्वान किया।*

## फैशन शो का हुआ आयोजन

# दर्शकों ने मॉडल्स के आकर्षक परिधान की जमकर की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में मंगलवार को बड़ी चौपाल पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) की ओर से फैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में मॉडल्स ने एक से एक बेहतरीन परिधान के डिजाइन के लुक से दर्शकों को खूब आकर्षित किया।

एनआईएफटी ने सूरजकुंड मेला में अपनी अनूठी प्रस्तुति के रूप में शानदार फैशन शो का आयोजन किया। इस शो ने दर्शकों को भारतीय और वैश्विक फैशन ट्रेंड्स के मिश्रण से रूबरू कराया, जिसमें मॉडल्स ने रचनात्मकता और डिजाइन कौशल की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। फैशन शो में विभिन्न समकालीन और पारंपरिक डिजाइनों का मिश्रण देखने को मिला। यह फैशन शो सुरजकुंड आंतरराष्ट्रीय मेला के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य में फैशन की अहमियत को उजागर करता है। इस शो के माध्यम से उन्होंने भारतीय कारीगरी को वैश्विक मंच पर पेश कर फैशन के नए आयामों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग

38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला की आर्ट एंड कल्चरल गैलरी में आयोजित मूर्तिकला प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागी अपने हुनर को और अधिक निखारने के लिए अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली मूर्ति शिल्प प्रतियोगिता का पर्यटन निगम हरियाणा की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मूर्तिकला प्रतियोगिता में भाग ले रहे शिल्पकारों के कुशल कार्य की सराहना भी की।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

# मेयर और पार्षद उम्मीदवारों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने फरीदाबाद में कांग्रेस की बडी जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता भाजपा की लूट, झूठ व भ्रष्टाचार का जवाब कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके देगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम से बनी भाजपा सरकार को निगम चुनावों में यहां की जनता चलता कड्डरने का कार्य करेगी बस जरूरत है तो कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अपनी मजबूत पकड बनाने की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि वह एकजुट हो अपने बूथ प्रबंधन को मजबूत कर भाजपा की दोगली नीतियों से जनता को अवगत कराएं। उन्होंने दावा किया कि जनता भाजपाईयों को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है क्योंकि भाजपा की सरकार में नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गया जिससे इस औद्योगिक क्षेत्र फरीदाबाद की छवि विश्व स्तर पर धूमिल हुई है। क्योंकि नगर निगम में 200 करोड के घोटाले की गूंज न केवल हरियाणा बल्कि समूचे देश में गूंजी है। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित सेंट्रल पार्क में बुलाई गई कांग्रेस पार्टी के घोषित नगर निगम क्षेत्र के मेयर व पार्षद प्रत्याशियों तथा कांग्रेस चुनाव प्रबंधन कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि भाजपा पार्टी ने हमेशा देश-प्रदेश में लूट मचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज जाति व धर्म के नाम पर जनता को बांटने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र वासियों का कर्तव्य है कि फरीदाबाद निगम क्षेत्र में मचाई जा रही लूट पर रोक लगाने के लिए वह ईमानदार कांग्रेसी प्रत्याशी श्रीमती लता रानी गुर्जर सहित सभी कांग्रेस पार्षदों को भारी मतों से जिताने का कार्य करें ताकि फरीदाबाद नगर निगम में लूट व भ्रष्टाचार के खेल को खत्म किया जा सके। उन्होंने उपस्थित लोगों को वचन दिया कि नगर निकाय में कांग्रेस के सत्तासीन होते ही आम गरीबों के हित में कार्य किया जाएगा वहीं जीरो टोलरेंश की नीति अपनाते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, इसलिए कांग्रेस को छोटी सरकार में सत्तासीन करना बहुत जरूरी है।

## राजनगर एक्सटेंशन में जीडीए का बुलडोजर

# 80 बीघा भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर प्रवर्तन जोन एक के राजनगर एक्सटेंशन के पास चला कई घंटे चले इस विशेष अभियान में 80 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया यह अवैध कॉलोनी सुनील चौधरी द्वारा विकसित की जा रही थी सहायक अभियंता पीयूष सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-1 का दस्ता मंगलवार को राज नगर एक्सटेंशन के पास पहुंचा और वहां पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त कर दिया गया।

यहां पर करीब 80 बीघा भूमि पर अनाधिकृत रूप से भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क एवं विद्युत पोल आदि का निर्माण किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान स्थानीय विकासकर्ताओं एवं निर्माणकर्ताओं द्वारा विरोध किया गया, किंतु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न कराई गई। मौके पर उपस्थित नागरिकों से यह अपील की गई कि वे अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में भूखंडों का क्रय-विक्रय न करें, मताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान अवर अभियंता महेंद्र, समस्त सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, मोरटा पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल की उपस्थिति रही।

**राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण पीठ के समक्ष**
**नई दिल्ली**
**कंपनी याचिका संख्या 21/2025**
**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड – आवेदक**
**शेयरधारकों को सूचना**

आपसे अनुरोध है कि आप इस बात पर ध्यान दें कि उपरोक्त कंपनी की शेयर पूंजी को 10,00,00,000/– (केवल भारतीय रुपये दस करोड़) 10/– रुपये (भारतीय रुपये दस) में विभाजित 1,00,00,000 (एक करोड़) इक्विटी शेयरों से घटाकर 7,96,00,000 (भारतीय रुपये सात करोड़ छियानबे लाख) रुपये करने की पुष्टि करने के लिए 10 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली बेंच में एक एक आवेदन संख्या (सीपी/21/एनडी/2025) 10 फरवरी, 2025 को ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली बेंच में प्रस्तुत की गई थी, जिसमें 10/– रुपये (भारतीय रुपये दस) प्रत्येक के 79,60,000 (उनहत्तर लाख साठ हजार) इक्विटी शेयर शामिल हैं।

यदि आपको आवेदन या ऊपर वर्णित विवरण पर कोई आपत्ति है, तो उसे (समर्थक दस्तावेजों के साथ) अपने नाम और पते तथा अपने अधिकृत प्रतिनिधि (यदि कोई है) के नाम और पते के विवरण के साथ इस नोटिस की तारीख से तीन महीने के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को 1400, हेमकुंट टावर्स, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 पर भेजा जा सकता है।

यदि तीन महीने की निर्धारित अवधि के भीतर कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि आपके पास आवेदन पर कोई अभ्यावेदन या आपत्ति नहीं है।

**दिनांक 17 फरवरी, 2025**

हिमानी मित्तल
कंपनी सचिव
एसबीईसी सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मलकीत सिंह** पुत्र **कुलवंत सिंह** निवासीः **म.नं. 200, पीर बाबा वाली गली, गांव झंगोला, अलीपुर, दिल्ली** ने case **FIR No. 750/2024 U/s 115(2)/76/79/3(5) BNS & 376 IPC, थाना अलीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मलकीत सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मलकीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 750/2024 U/s 115(2)/76/79/3(5) BNS & 376 IPC, थाना अलीपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मलकीत सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रूबी नीरज कुमार**
**एलडी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी / उत्तर**
**कमरा नं. 115**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1897/ON/2025(Court Matter)**

# डीपीजी कॉलेज में बजट पर मंथन में कहा- आर्थिक विकास को मिलेगी गति



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा 'बजट मंथन सेमिनार 2025' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्रीय बजट 2025-26 के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना और विद्यार्थियों को देश की अर्थव्यवस्था में बजट की भूमिका से अवगत कराना था।

### युवाओं और उद्यमियों के लिए नए अवसर

मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता प्रो. डॉ. सुनील कुमार रॉय ने बजट के प्रमुख बिंदुओं, सरकार द्वारा घोषित नई नीतियों तथा विभिन्न क्षेत्रों पर पडने वाले प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. रॉय ने बताया कि बजट 2025-26 में कृषि, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप्स, एसएमई सेक्टर, डिजिटल इंडिया और ग्रीन एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया यह बजट देश के आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। साथ ही, सरकार ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए, सामाजिक कल्याण योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार चलायमान चिकित्सा इकाई की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 1.88 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार जीटी ब्लॉट मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 14.02.2025 07.03.2025 | 1.20 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डीफाइब्रिलेटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 14.02.2025 07.03.2025 | 1.04 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एफेरेसिस मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 14.02.2025 07.03.2025 | 6.27 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार नेजल एंडोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 04.02.2025 25.02.2025 | 2.20 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 6 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार मोबाइल वैन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 50 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 7 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार रक्तदान वैन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 1.60 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 8 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार नियोनेटल केयर एम्बुलैंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 5.09 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद–13/2025/160/32418/I/88/7 दि. 18.02.25

## खबर संक्षेप

### झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर बैन


**रांची।** झारखंड में तंबाकू या निकोटिन युक्त गुटखा व पान मसाले को पूरी तरह बैन कर दिया



गया है। राज्य सरकार ने इनके उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिसूचना के मुताबिक रोक फिलहाल एक साल के लिए लगाई गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त ऐक्शन की बात कही गई है। सीएम हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के सपने को साकार करने कदम उठाया गया।

### घर में घुसकर बदमाशों ने बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां

**सहरसा।** अपराधियों ने सदर थाना क्षेत्र के सिमराहा वार्ड-4 में सोमवार की देर रात मुरही मिल संचालक



और उसके बेटे को गोली मारकर जख्मी कर दिया। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जख्मी छोटेलाल को जांघ में और पुत्र सुंदर कुमार को पैर में गोली लगी है। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार, डीएसपी धीरेन्द्र पांडेय अस्पताल पहुंच कर छानबीन की।

### मुंबई जा रही 2 ट्रेनों में बम की सूचना,रोकी गई ट्रेन

**बलिया।** बलिया से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस और गोरखपुर



से मुंबई जा रही दादर एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया के जरिए मिली इस धमकी के बाद रेलवे प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ट्रेनों को उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्टेशनों पर रोक दिया और तलाशी शुरू कर दी। वहीं, इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।

# काशी में आवाहन अखाड़े की पेशवाई, गाजे- बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा

वाराणसी में मंगलवार को आवाहन अखाड़े की पेशवाई के दौरान सड़क पर गजब का नजारा देखने को मिला। महाकुंभ के बाद काशी पहुंचे साधु- संतों ने पेशवाई के दौरान अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते दिखे।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

मंगलवार को वाराणसी में आवाहन अखाड़े की पेशवाई निकाली गई। पेशवाई में बैंड- बाजे के साथ रथ पर सवार साधु- संत काशी की सड़कों पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए दिखे। प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के बाद साधु- संत काशी पहुंचे हैं। इसके साथ ही अखाड़ों की पेशवाई भी शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि पेशवाई के माध्यम से साधु- संत अपने मुख्य कार्यालय पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि के दिन शाही स्नान अखाड़ों द्वारा किया जाता है। आवाहन अखाड़े की पेशवाई वाराणसी के कबीर चौरा से निकल कर दशाश्वमेध घाट तक पहुंची, जिसमें भारी संख्या में साधु संत सहित नागा बाबा शामिल हुए। कबीरचौरा अखाड़े में साधु-संतों ने सुबह अपने आराध्य देव भगवान गणेश और निशान की पूजा की। खिचड़ी भोज करने के बाद पेशवाई निकाली गई। पेशवाई में बैंडबाजा-घोड़े आदि शामिल हुए। पेशवाई मैदागिन, चौक, गोदौलिया होते हुए दशाश्वमेध घाट पहुंची। घाट पर भगवान प्रथमेश और निशान की पूजा व आरती की गई। साधु-संतों का स्वागत किया गया।

## अखाड़े में साधु-संतों ने अपने आराध्य देव भगवान गणेश और निशान की पूजा की



### गुजरात का पानी नहीं पीते हैं नागा साधु

काशी के दशाश्वमेध घाट पर स्थित श्रीशंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़े को छठी शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने स्थापित किया था। इस अखाड़े को पहले आवाहन सरकार के नाम से जाना जाता था। सत्य गिरि महाराज ने बताया कि इस अखाड़े के आराध्य प्रथम पूज्य श्रीसिद्ध गणेश जी हैं, क्योंकि किसी भी देवता का आवाहन गणेश जी से ही करते हैं। उन्होंने बताया कि गुजरात में आवाहन अखाड़े के नागा साधुओं का मुगलों से युद्ध हुआ था। मुगलों ने गुजरात के वीरलगांव के एक स्थान पर नागा साधुओं को जहर देकर मार दिया था। इसलिए नागा साधु गुजरात का पानी नहीं पीते। ऐसे ही मध्यप्रदेश के छतरपुर में भी नागा साधुओं की समाधियां हैं।

## यूपी विधानसभा में छिड़ी उर्दू -अंग्रेजी पर करारी बहस

# अब सदन का कोई भी सदस्य अपनी मातृभाषा में रख सकता है विचार

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी भोजपुरी, बुंदेलखंडी और अवधी का विरोध क्यों कर रही है। यहीं सपा का ढोंग हैं, सपा के लोग दोहरे चरित्र वाले हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज यूपी की स्थानीय बोली को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने फ्लोर लैंग्वेज में अंग्रेजी की जगह उर्दू भाषा करने की मांग की और अंग्रेजी को जबरदस्ती थोपने का आरोप लगाया। जिस पर सीएम योगी भड़क गए। उन्होंने सदन में सपा पर जोरदार वार किया और इसे सपा का दोहरा चरित्र बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। ये अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाते हैं और दूसरे के बच्चों के लिए उर्दू की वकालत करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी भोजपुरी, बुंदेलखंडी और अवधी का विरोध क्यों कर रही है। यहीं सपा का ढोंग हैं। सपा के लोग दोहरे चरित्र वाले हैं। यह बड़ी विचित्र बात है समाजवादी पार्टी वाले उर्दू की वकालत कर रहे हैं। समाजवादियों का चरित्र इतना दोहरा हो चुका है कि यह अपने बच्चों को तो इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजेंगे लेकिन आपके बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते। आपके बच्चे उर्दू पढ़ें ये उनको मौलवी बनाना चाहते हैं। सपा के नेता क्या देश को कठमुल्लापन की और ले जाना चाहते हैं यह नहीं चलने वाला है।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर विधानसभा में बोला जोरदार हमला
- हार से हताश परेशान समाजवादी पार्टी के लोग बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं, इसलिए कर रहे विरोध

### आरोप-प्रत्यारोप या असंसदीय आचरण से नहीं हो सकता समस्या का समाधान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विपक्ष सदन में जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देने के लिए तैयार है। हम चाहते हैं कि सदन सार्थक चर्चा का मंच बने। किसी भी प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप या असंसदीय आचरण से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। उम्मीद जताई कि हार से हताश-परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस सदन में नहीं उतारेगा। मंगलवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि उम्मीद है कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान करेगा। राज्यपाल का अभिभाषण व बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं, जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख सकता है।

## 169 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

# नीतीश ने कैमूर को दी 345 करोड़ की सौगात



एजेंसी ▶▶ भभुआ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को प्रगति यात्रा के दौरान कैमूर में 345.50 करोड़ रुपये की 169 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें से 233.29 करोड़ रुपयों की 79 योजनाओं का शिलान्यास और 112.20 करोड़ रुपयों की 90 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने अधौरा प्रखंड में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण को लेकर चिह्नित स्थल का निरीक्षण किया। डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण होने से करीब 55 आबादी के बच्चों को लाभ मिलेगा।

### स्टेडियम निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों से बातचीत की

सीएम नीतीश द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं स्टेडियम का उद्घाटन रिमोट के माध्यम से करने के बाद निरीक्षण किया गया। अस्पताल का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने मरीजों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। स्टेडियम निरीक्षण के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने अन्य विभागीय योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का भी अवलोकन किया।

### 4.50 लाख आबादी को मिलेगा पानी

मुख्यमंत्री नीतीश ने प्रस्तावित सोन-कोहिरा नदी लिंक योजना का करकटगढ़ ईको पर्यटन क्षेत्र से स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस परियोजना के विकसित हो जाने से चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर, चांद एवं भगवानपुर प्रखंड में 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विकास होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इससे करीब 4.50 लाख आबादी को मिलेगा।

## पेज एक का शेष

### दोनों देशों ने 2030...

कतर ने लौटाए गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपः कतर की जेल में बंद 8 पूर्व नौसैन्य अधिकारियों में से आखिरी आठवें अधिकारी पूर्णेंदु तिवारी का मामला वहां की स्थानीय अदालत में चल रहा है। जिसकी वजह से उनकी रिहाई नहीं हुई है। सात अधिकारियों की पूर्व में रिहाई कर दी गई थी। कतर में भारत के राजदूत विपुल ने कहा कि अभी कतर के पास गुरु ग्रंथ साहिब का कोई स्वरूप नहीं है। पूर्व में जब्त किए गए सभी पवित्र स्वरूप लौटा दिए गए हैं।

**इन 7 समझौतों-एमओयू पर हुए हस्ताक्षरः** मंत्रालय में सचिव ने कहा, भारत और कतर के बीच बैठक के बाद 2 समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाने के लिए कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिल अब्दुल रहमान अल सानी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर के बीच समझौते का आदान-प्रदान किया गया। एक संशोधित समझौता आय पर कर से जुड़े दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी की रोकथाम के लिए किया गया। आर्थिक भागीदारी, अभिलेखागार, युवा मामलों और खेल को लेकर दस्तावेजीकरण सहित संयुक्त बिजनेस फोरम में निवेश के लिए इनवेस्ट इंडिया और कतर के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा सीआईआई और कतर बिजनेसमैन एसोसिएशन ने दोनों देशों के शीर्ष उद्योगपतियों के बीच नेटवर्क बढ़ाने के लिए एमओयू किया।

**संयुक्त बिजनेस फोरम में हुई उत्पादक चर्चाः** दोनों देशों के बीच संयुक्त बिजनेस मंच की बैठक हुई। जिसकी सह अध्यक्षता दोनों देशों के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रियों ने की। इसमें भारत, कतर के शीर्ष उद्योगपति, कंपनियां और संस्थान शामिल हुए। दोनों पक्षों के बीच उत्पादक बातचीत हुई। इसके पूर्व में संयुक्त व्यापार परिषद की बैठक हुई थी। जिसमें शीर्ष उद्योगों के प्रतिनिधियों ने वर्चुअली भाग लिया था। दोनों देशों के बीच व्यापार से संबंधित एक संस्थागत तंत्र बनाने की बात कही गई थी। भारत, कतर के बीच एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी वाइब्रेंट भागीदारी है।

### भारत-जीसीसी ...

अरब, यूएई, ओमान और कुवैत के साथ सामरिक भागीदारी समझौते किए हैं। कतर ने 2024 में जीसीसी की अध्यक्षता की थी। भारत के खाड़ी परिषद के साथ बेहतर संबंध हैं।

### टॉपर्स ने छात्रों..

कि कैसे वे तनाव पर विजय पाते हैं और परीक्षा के दौरान प्रेरित रहते हैं?

**रिविजन से आएगा तैयारी पर भरोसाः** सभी आठों टॉपर्स ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव पर ध्यान न देते हुए केवल अपनी तैयारी पर फोकस करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकतर बच्चे पाठ्यक्रम को देखकर डर जाते हैं। जबकि हमारा ध्यान ज्यादा से ज्यादा सवालों को हल करने पर होना चाहिए। बीते सालों में आने वाले ज्यादातर प्रश्नों को प्राथमिकता के हिसाब से छांटकर उनका अभ्यास करना चाहिए। जितनी ज्यादा रिविजन होगी, छात्रों को परीक्षा की तैयारी को लेकर उतना भरोसा बढ़ेगा और उनका प्रदर्शन बेहतर होगा।

**पूरा ध्यान सीखने पर रखेंः** सीबीएसई टॉपर राधिका सिंघल ने कहा कि छात्रों का पूरा जोर सीखने पर होना चाहिए। क्योंकि परीक्षाएं तो महज औपचारिकता हैं। हमेशा खुश रहें लेकिन कभी पूरी तरह से संतुष्ट न हो। क्योंकि संतुष्ट हो जाने पर नया सीखने का मन नहीं करता। टॉपर्स ने छात्रों से अपने मन की बात को अपने दोस्तों और अभिभावकों से साझा करने की अपील की।

**कमजोरियों पर नहीं, ताकत पर ध्यान देंः** एक अन्य टॉपर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें प्रश्नों को लेकर घबराना नहीं चाहिए। बस अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा होना चाहिए। सबका पढ़ने का तरीका अलग-अलग होता है। यह संभव नहीं कि एक ही पद्वति सभी पर समान रूप से लागू हो। लेकिन मैं परीक्षा के समय पर लंबे वाक्य लिखने के बजाय छोटे वाक्यों, चार्ट और एरो की मदद से तैयारी करना पसंद करता था। अगर हम परीक्षा के दौरान अपनी कमजोरियों की जगह पर तैयारी पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो एग्जाम से जुड़े डर पर आसानी से काबू पा सकेंगे।

**परीक्षाओं को पूरा जीवन समझना बड़ी भूलः** टॉपर्स ने छात्रों से अपील की कि वो परीक्षाओं को कभी भी अपना पूरा जीवन मानकर न चलें। क्योंकि ये हमारे जीवन का एक हिस्सा मात्र हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से पहले 360 डिग्री की अप्रोच अपनानी चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ बाकी गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए। परीक्षा की तैयारी के दौरान सात से आठ घंटे तक पढ़ाई करो, फिर अपनी कोई हॉबी को फॉलो करो। साथ ही इस बात पर भी ध्यान रहे कि बच्चों को दिनभर के आपके कार्यक्रम के दौरान आठ घंटे की पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है। पढ़ाई के साथ बाकी गतिविधियां इसलिए जरूरी हैं। क्योंकि परीक्षा पास करके आपको अच्छे संस्थान या विश्वविद्यालय में दाखिला मिल सकता है। लेकिन बाकी गतिविधियों का हिस्सा बनकर छात्रों में अपने आपको को बाकी दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का गुण उत्पन्न होता है।

**मानसिक एकाग्रता, मन के संयम पर पूछे सवालः** टॉपर्स से जापान और दुबई के सीबीएसई के छात्रों ने परीक्षा में मानसिक एकाग्रता और मन को संयमित रखने से जुड़े सवाल किए। जिनके जवाब में उन्होंने बताया कि मानसिक एकाग्रता के लिए पढ़ाई के बीच में पांच या दस मिनट का गैप लिया जा सकता है। वहीं, अशांत मन की वजह से नकल से परीक्षा पास करने से भी कोई लाभ नहीं होगा। क्योंकि इससे एक स्तर के बाद आपका विकास नहीं हो पाएगा। कार्यक्रम में दो टॉपर्स ने एक इंटरव्यू मास्टर क्लास भी की। जिसमें एक स्कूली छात्रों से 2047 के भारत को लेकर प्रश्न पूछा गया। जवाब में उसने कहा कि तब ऐसा भारत होना चाहिए। जिसमें विकास के नाम पर केवल बड़ी-बड़ी इमारतें न हो। बल्कि अस्पताल और स्कूल भी उसी तादाद में खोले जाने चाहिए। टॉपर्स ने बच्चों को एक पेपर हल करने के लिए दिया।

### महाकुंभ 'मृत्युकुंभ'...

के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन व्यवस्था करना जरूरी है। आपने (यूपी सरकार) क्या योजना बनाई है? ममता के महाकुंभ पर दिए बयान के बाद विपक्ष के नेताओं ने ममता के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन भी किया। विपक्ष के नेता भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा- मैं हिंदू समुदाय, संत समुदाय से कड़ा विरोध दर्ज कराने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले सदन (राज्य विधानसभा) में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि यह महाकुंभ नहीं बल्कि 'मृत्युकुंभ' है। हिंदुओं, महाकुंभ पर इस हमले के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। अगर आप सच्चे हिंदू हैं, तो राजनीति से ऊपर उठें और ममता बेनर्जी के इन शब्दों का कड़ा विरोध करें।

**राजनीतिक टिप्पणी नहीं करनी चाहिएः** महाकुंभ एक पवित्र, धार्मिक अवसर है। यह 144 साल के बाद आया है। हम इस आयोजन को मनाने के लिए खुद को समर्पित करें। यह एक अनूठा आयोजन है, जिसमें अब तक का सबसे बड़ा मानव समूह शामिल हुआ है। भविष्य में भी ऐसा होने की संभावना नहीं है। ऐसे अवसर पर हमें इस तरह की राजनीतिक टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। अगर आप हिंदू धर्म या महाकुंभ में विश्वास नहीं करते हैं, तो इसे रहने दें।

### पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री...

इसकी वास्तुकला की भव्यता की प्रशंसा की। उन्होंने गैलरी, चैंबर, संविधान हॉल और संविधान सदन जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा किया। यह दौरा श्री सुनक के हाल के भारतीय कार्यक्रमों का हिस्सा है। कुछ दिन पहले, 15 फरवरी 2025 को, उन्होंने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दौरा किया था।

### लगता है आपके...

शुरू हो चुकी है और कोर्ट की ओर से सख्त रुख अपनाया गया है। कोर्ट ने रणवीर के अश्लील कमेंट को दिमाग की गंदी उपज बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख अपनाया और भद्दे कमेंट के लिए फटकार भी लगाई है। कोर्ट में इस केस की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत ने की। सुप्रीम अदालत ने फटकार लगाते हुए कहा कि लगता है कि उनके दिमाग में कुछ गंदगी है। कोर्ट ने ये भी कहा कि ऐसे व्यक्ति का केस क्यों सुना जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फटकारते हुए कहा कि पॉपुलर होने का मतलब ये नहीं है कि आप कुछ भी टिप्पणी करेंगे। आप लोग माता-पिता को बेइज्जत कर रहे हो। ऐसा लगता है कि आपके दिमाग में गंदगी है।कोर्ट ने आग निंदा करते हुए कहा कि जिस विकृत मानसिकता का प्रदर्शन किया गया, इससे पूरा समाज शर्मिंदा होगा। कोर्ट की ओर से रणवीर को बिना इजाजत देश से बाहर की यात्रा करने की परमिशन नहीं दी गई है। साथ ही आदेश दिया गया है कि वो अपना पासपोर्ट भी पुलिस थाने में जमा करा दें।

**राहतः अंतरिम गिरफ्तारी पर रोक लगाईः** इतना ही नहीं, कोर्ट की ओर से रणवीर को राहत भी दी गई है। उनकी अंतरिम गिरफ्तारी पर रोक लगाई है और शर्त भी रखी गई है कि वो आगे जांच में सहयोग करेंगे और सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया के अश्लील कमेंट को देखते हुए कोर्ट ने कोई दूसरा एपिसोड ऑन एयर करने पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने उन्हें आश्वासन दिया है कि अगर वो जांच में सहयोग करेंगे तो उनको सुरक्षा भी दी जाएगी।

**कोर्ट ने अश्लीलता का मापदंड भी पूछाः** इसके साथ ही जब रणवीर इलाहाबादिया के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने उन्हें मिल रही धमकियों का जिक्र किया और कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। जीभ काटने पर 5 लाख का इनाम रखा गया है। इस पर कोर्ट ने वकील को टोकते हुए कहा कि क्या आप उनके द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा को डिफेंड कर रहे हैं? इस पर वकील ने नकारते हुए कहा कि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत की ओर से रणवीर के वकील से अश्लीलता का मापदंड भी पूछा कि क्या है?

**धमकियों पर कहा-कानून अपना काम करेगाः** कोर्ट की ओर से कहा गया कि ऐसे बयान अश्लील नहीं हैं तो क्या हैं। आप किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, आपको हर तरह की बातें करने की छूट कैसे मिल गई? जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अगर आपको लगता है कि आप लोकप्रिय हैं बताइए दुनिया में ऐसा कौन सा व्यक्ति है, जो ऐसे शब्द को पसंद करता है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जहां तक है कि रणवीर को धमकियां मिल रही है, कानून इस पर अपना काम करेगा। सरकार उन पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने फिर से रणवीर के अश्लील कमेंट को लेकर कहा कि आपने जो शब्द चुने हैं, उससे आपके माता-पिता काफी शर्मिंदा होंगे।

### ट्रेन के प्लेटफॉर्म...

प्लेटफॉर्म नंबर 12 से रवाना होगी। कुछ देर बाद एक और घोषणा की गई कि कुंभ स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होगी। इसके बाद भगदड़ की स्थिति बनी। और सीढ़ियों पर आने जाने वाले यात्रियों के बीच धक्का मुक्की हुई और लोग गिरने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस समय मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर, उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 15 पर खड़ी थी। प्रयागराज एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों की भीड़ भी प्लेटफॉर्म 14 पर मौजूद थी। यानी तीन ट्रेनों के आने-जाने वालों की भीड़ प्लेटफॉर्म पर पहले से मौजूद थी। घोषणा सुनकर यात्री प्लेटफॉर्म 12-13 और 14-15 से फुटओवर ब्रिज 2 और 3 के जरिए सीढ़ियां चढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान मगध एक्सप्रेस, उत्तर संपर्क क्रांति और प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्री सीढ़ियों से उतर रहे थे। धक्का-मुक्की के बीच कुछ यात्री फिसलकर सीढ़ियों पर गिर गए और भगदड़ मच गई। भगदड़ के बाद राहत सहायता देने में 40 मिनट से अधिक की देरी हुई। दिल्ली फायर का कहना है कि उन्हें दिल्ली पुलिस से भगदड़ के बारे में पहली सूचना रात 9:55 बजे मिली थी। हालांकि, रेलवे ने अपने आधिकारिक कम्यूनिकेशन में बताया है कि भगदड़ रात 9:15 बजे हुई। बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ में 18 यात्रियों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि कई लोगों घायल हो गए। मरने वालों में 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। ये सभी लोगों बिहार, दिल्ली और हरियाणा के रहने वाले थे।

**सीसीटीवी फुटेज आया सामनेः** आरपीएफ की रिपोर्ट के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि जैसे ही प्लेटफार्म बदलने की घोषणा हुई, यात्री घबराकर भागने लगे। इस दौरान एफओबी-2 और एफओबी-3 पर यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ गई। इसी बीच, दूसरी ट्रेनों के यात्री सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। जब दोनों तरफ से यात्री एक-दूसरे से टकराए, जिससे धक्का-मुक्की हुई, कुछ यात्री फिसलकर गिर पड़े और भगदड़ मच गई।

**ये हैं प्लेटफार्म बदलने का नियमः** ऐसी ट्रेनें जो पीछे से आ रही होती हैं और संबंधित स्टेशन पर रुककर आगे जाना है। उनका प्लेटफार्म बदला जा सकता है। लेकिन इसके लिए गाइडलाइन है कि वो एक ओर से दूसरी ओर ही बदला जा सकता है। यानी अगर चार पांच प्लेटफार्म साथ-साथ हैं तो ट्रेन को चार के बजाए पांच नंबर पर लाया जा सकता है, क्योंकि यात्रियों को एफओबी जाने की जरूरत नहीं होती है, सिर्फ एक ओर से दूसरी ओर जाना होता है।

# कवि नरेश शांडिल्य के नए दोहासंग्रह 'मेरी अपनी सोच' का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इस बार के विश्व पुस्तक मेले में विश्व प्रसिद्ध दोहाकार नरेश शांडिल्य के श्वेतवर्णा प्रकाशन से आए नए दोहासंग्रह 'मेरी अपनी सोच' के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के नाते बोलते हुए वैश्विक हिंदी परिवार के अध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के पूर्व उपाध्यक्ष, सुपरिचित कवि-लेखक अनिल जोशी ने कहा कि जिस प्रकार दुष्यंत कुमार ने हिंदी गज़लों में क्रांतिकारी स्वर के रूप में उपस्थिति दर्ज़ की और गज़लों को नए तेवर, नए कलेवर, नए मुहावरे और नए विचार के साथ प्रस्तुत किया तथा प्रगतिशीलता और आधुनिक बोध को गज़लों में स्थान दिया उसी प्रकार नरेश शांडिल्य ने भी दोहों को रूढ़ हो चुकी उक्तियों, सूत्रों आदि के घेरे से निकालकर समसामयिक चेतना से जोड़ा। उनकी भाषा में उर्दू और आमफ़हम शब्दों और प्रचलित शब्दावली को स्थान दिया। बाज़ारवाद और सबसे निचले स्तर पर बैठे हुए व्यक्ति को रौंदने वाले वैश्वीकरण से संघर्ष, जन विरोधी शक्तियों की पहचान व्यक्ति अस्मिता की स्थापना, लघुता का सम्मान, समसामयिक मुद्दों पर तीखी और बेबाक राय, विचार को संवेदना में ढालने की कला उन्हें अपने समकालीन दोहा कारों में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करती है। इस मायने में नरेश शांडिल्य ने अपने कथ्य और कहन को नवीनता दी और दोहों में एक क्रांतिकारी परिवर्तन किया। इस नाते मैं नरेश शांडिल्य को 'दोहों का दुष्यंत' कहना पसंद करूँगा। इसमें कोई शक़ नहीं कि नरेश शांडिल्य के दोहे अक्सर कोट किए जाते हैं।

# अंग्रेजों के जमाने जैसी बेड़ियां पहनकर विस पहुंचे सपा विधायक

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार से शुरू हो गया। सत्रा में हिस्सा लेने के लिए मेरठ की सरधना सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान अंग्रेजों की जमाने जैसी बेड़ियां पहनकर पहुंचे। इसके पीछे की मंशा पूछने पर प्रधान ने कहा कि अमेरिका से भारतीयों को हथकड़ियों में जकड़कर वापस भेजा जा रहा है। सरकार इसका विरोध नहीं कर रही है। ऐसे में सरकार को जगाने के लिए उन्होंने विरोध का यह तरीका अपनाया है। वह दिखाना चाहते थे कि बेड़ियों में जकड़ा आदमी कितना असहाय नजर आया है।

### एक्स पर वीडियो और कई तस्वीरें पोस्ट कीं

प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बेड़ियां पहने हुए अपना वीडियो और कई तस्वीरें पोस्ट कीं हैं। इनमें वह एक टी-शर्ट पहने हुए दिख रहे हैं, जिस पर लिखा था, भारतीयों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। उन्होंने कहा कि आज बजट सत्र की शुरुआत से पहले अमेरिका द्वारा अमानवीय तरीके से मालवाहक यान में लाये गये अपने नागरिकों के लिये न्याय की मांग की! अमेरिका के इस कृत्य से देश का हर नागरिक अपमानित महसूस कर रहा है और 'डबल इंजन' की सरकार कुछ नहीं कर पा रही है।



# फिल्म कन्नप्पा से प्रभास का रुद्र लुक रिलीज...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक रिलीज हो गया है। फिल्म कन्नप्पा के निर्माताओं ने इस फिल्म से प्रभास का लुक रिलीज कर दिया है। फिल्म कन्नप्पा में प्रभास के किरदार का नाम रूद्र है। फिल्म कन्नप्पा मुकेश कुमार सिंह निर्देशित और एम. मोहन बाबू निर्मित है। हाल ही में निर्माताओं ने भगवान शिव की भूमिका में अक्षय कुमार का एक आकर्षक पोस्टर जारी किया था। इस फिल्म से अक्षय तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर, कान फिल्म फेस्टिवल में विष्णु मांचू, मोहन बाबू और प्रभु देवा ने दिखाया था।

लाइफ Style

# रश्मिका

## टैग मिलने से नहीं मेहनत से बनता है कॅरियर

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना एक समय में 'नेशनल क्रश' के नाम से मशहूर थीं। 28 साल की उम्र में ही वो भारत की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक बन चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने कहा कि टैग्स मिलने से करियर नहीं बनता, बल्कि मेहनत, लगन, लोगों का प्यार और उनकी फिल्में मायने रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से करियर शुरू करने वाली रश्मिका को लगा था कि ये उनकी पहली और आखिरी फिल्म होगी। रश्मिका मंदाना ने बताया, 'आज मैं 24 फिल्मों के बाद भी यहां हूं। मुझसे ज्यादा सुंदर और टैलेंटेड महिलाएं इंडस्ट्री में हैं, लेकिन मुझे अपनी इस जर्नी पर गर्व है। मैं अपने फैंस से गहराई से जुड़ी हुई हूं और ये मेरे लिए बहुत खास है'। पिछले दो सालों में रश्मिका ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में दो बड़ी हिट फिल्में दी हैं। 2023 में 'एनिमल' में रणबीर कपूर के साथ काम किया, जिसने 1,000 करोड़ से ज्यादा कमाए। वहीं, 2024 में 'पुष्पा 2: द रूल' में श्रीवल्ली के किरदार में वापसी कर 1,800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अगली फिल्म 'छावा' है, जिसमें वे विक्की कौशल के साथ नजर आ रही हैं। ये फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसे लक्ष्मण उतेकर निर्देशित कर रहे हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रश्मिका ने कहा, 'अगर साउथ और हिंदी इंडस्ट्री में एक साथ कोई इवेंट हो, तो तय करना मुश्किल होता है लेकिन मुझे हर जगह से इतना प्यार मिला है कि मैं अपनी नींद छोड़कर भी वहां पहुंचना चाहती हूं।



हॉलीवुड मसाला



# 'कैप्टन अमेरिका' की कमाई में गिरावट...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले शुक्रवार को हॉलीवुड फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' भारत में रिलीज हुई। मार्वल प्रोडक्शन की इस फिल्म को बहुत अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। जानिए, अब तक इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस कितना कलेक्शन किया? पांचवे दिन की इसकी कमाई क्या रही। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: ब्रेव न्यू वर्ल्ड' ने पांचवें दिन लगभग 52 लाख रुपये ही कमाए हैं। यह कमाई पिछले दिनों के मुकाबले कम है। इस हॉलीवुड फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में लगातार गिरावट आ रही है।



# क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे मैट डेमन

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता के नाम की घोषणा हो गई है। बता दें कि इस फिल्म में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। ये खुशखबरी सामने आते ही अभिनेता के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में फिल्म रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। यह कविता ग्रीक कवि होमर ने लिखी है। इसमें इथाका के राजा ओडिसियस की कहानी है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने घर लौटने के लिए यात्रा के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस यात्रा में ओडिसियस को कई खतरे उठाने पड़ते हैं।



# एक्टर की परिभाषा बदल रही है...

**मुंबई।** एक्ट्रेस समरीन कौर ने कहा कि एक मॉडल और पेजेंट फाइनलिस्ट के तौर पर अपनी शुरूआत करने वाली समरीन ने बॉलीवुड फिल्मों से अपना डेब्यू नहीं किया, बल्कि उन्होंने पहले म्यूजिक वीडियो के ज़रिए दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उनका गाना इश्क भी शामिल है। इस पर वे कहती हैं, "एक एक्टर की परिभाषा बदल रही है। समरीन रणवीर सिंह स्टारर फिल्म '83' में काम कर चुकी हैं। समरीन जल्द ही कुछ आपको कुछ बेहद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स में नज़र आएँगी। उन्होंने आगे कहा, "आजकल सिर्फ फिल्म डेब्यू काफी नहीं है, बल्कि जरूरी है कि आप अलग-अलग माध्यमों के जरिए दर्शकों से जुड़ें। हालांकि, समरीन ने अपनी सोशल मीडिया प्रेजेंस के जरिए अपने दर्शक कमाए हैं।



# 'द पैराडाइज' का ऐलान शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** प्रोडक्शन हाउस एसेसलवी सिनेमा ने अपनी अगली फिल्म 'द पैराडाइज' का ऐलान कर दिया है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म का ऐलान दिलचस्प पोस्टर के साथ किया गया। फिल्म द पैराडाइज में म्यूजिक की कमान रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने संभाली है। फिल्म द पैराडाइज में अभिनेता नानी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म पैराडाइज के निर्माता एसएलवी प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, हैदराबाद की धड़कनें पूरी दुनिया में गूंजेंगी। द पैराडाइज में रॉकस्टार अनिरुद्ध का म्यूजिक है, निर्देशक श्रीकांत ओडेला है और फिल्म में मुख्य कलाकार नानी हैं। यह फिल्म तीन शानदार ताकतों का मिलाजुला परिणाम होगी: नेचुरल स्टार नानी, निर्देशक श्रीकांत ओडेला, और रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर।'

टीवी मसाला



# अंगूरी भाभी के दीवानों के लिए खुशखबरी...

मुंबई। सबसे लंबे समय तक चलने वाले टीवी कॉमेडी डेलीज में से एक 'भाबी जी घर पर हैं!' के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर है। सालों से दर्शकों के प्यार से सराबोर रहे इस टीवी शो पर फीचर फिल्म बनने जा रही है। इस शो पर शशांक बाली द्वारा निर्देशित फिल्म इसी साल रिलीज होगी, जिसके लिए शूटिंग 15 मार्च से देहरादून (उत्तराखंड) में शुरू होगी। अभिनेता रोहिताश्व गौर (जो मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं) ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा, "जी, वाकई ये सच है! हम बेहद उत्साहित हैं, अभिनेता होने के नाते हम सभी खुद को सिल्वर स्क्रीन पर वापस देखने का सपना देखते हैं और यह हो रहा है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री विदिशा श्रीवास्तव (जो अनीता मिश्रा का किरदार निभा रही हैं) कहती हैं, "यह हमारे प्रशंसकों के प्यार की वजह से है कि हम इतनी बड़ी छलांग का हिस्सा बन रहे हैं। मैं इस शो से बहुत बाद में जुड़ी, लेकिन आज यह मेरा परिवार है। उन्होंने आगे कहा, "शो का सार बना रहेगा और हम दर्शकों के लिए बहुत सारा धमाल करने का वादा करते हैं। स्टार कास्ट में रोहिताश्व और विदिशा, आसिफ शेख (जो विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं) और शुभांगी अत्रे (अंगूरी तिवारी) के अलावा अन्य किरदार शामिल होंगे जो शो की सफलता का हिस्सा रहे हैं। 10 साल से प्राइम-टाइम स्लॉट में चल रहा शो के 2,500 से अधिक एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं।

## टीवी शो 'शिव शक्ति तप त्याग तांडव' में नजर आएगी घुमारवीं की बेटी..

**घुमारवीं।** मायानगरी मुंबई में हिमाचल प्रदेश के घुमारवीं की रिया शर्मा धूम मचा रही है। कलर चैनल पर लोकप्रिय धारावाहिक महाकाव्य पौराणिक गाथा शिव शक्ति-तप त्याग तांडव में कन्या कुमारी की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छोटे पर्दे पर यह धारावाहिक कलर चैनल पर सोमवार से रविवार रात आठ बजे प्रसारित होता है। इससे पहले भी रिया ने स्टार प्लस चैनल में हिट सीरियल तेरी मेरी डोरियां में मन्नत के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। रिया के पिता व्यवसायी अनिल शर्मा और माता सुनीता शर्मा गृहिणी और समाजसेविका हैं।



# न शोले, न मुगल-ए-आजम, ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म

**मुंबई।** आज के समय में फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर 100-200 करोड़ रुपये का कलेक्शन करना आम बात हो गई है। लेकिन क्या आप उस पहली भारतीय फिल्म का नाम जानते हैं, जिसने ये आंकड़ा छुआ था? ये उस दौर की बात है, जब फिल्में 10-20 करोड़ ही कमा लें तो ब्लॉकबस्टर की श्रेणी में आ जाती थीं। जब भी 100 करोड़ी फिल्मों की बात होती है तो 2000 के दशक में आईं 'गजनी' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों के नाम आते हैं। इन फिल्मों ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये आंकड़ा छुआ था, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पहली 100 करोड़ी फिल्म 80 के दशक में रिलीज हुई थी।




***डिस्को डांसर के बिके थे 12 करोड़ से ज्यादा टिकट :*** आपको बता दें कि ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी 'डिस्को डांसर' थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया।

# डिलेवरी बॉय से लेकर एसटीडी बूथ तक में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों में हीरो बनने का सपना लाखों एक्टर देखते हैं। लेकिन कुछ ही जुनूनी एक्टर्स का ये सपना सच हो पाता है। ऐसा ही एक जुनूनी अभिनेता है जिसने एक्टर बनने से पहले डिलेवरी बॉय के तौर पर काम किया। इतना ही नहीं एसटीडी फोन बूथ पर बतौर ऑपरेटर नौकरी की और क्लब्स में भी रोजगार तलाशते रहे। लेकिन जब हीरो बने तो धमाका कर दिया। अब इसी हीरो की फिल्म ने स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पटखनी दे डाली। हम बात कर रहे हैं 'सनम तेरी कसम' के हीरो 'हर्षवर्धन राणे' की।

***सनम तेरी कसम ने दुबारा रिलीज पर तोड़ा रिकॉर्ड :*** बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 9 साल बाद सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर गई। इस फिल्म ने दोबारा रिलीज होने पर अपनी पहली कमाई को पछाड़ दिया। इतना ही नहीं आमिर खान के लाडले जुनैद खान और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया लेकिन हर्षवर्धन के लिए यहां का सफर आसान नहीं रहा है।

***डिलेवरी बॉय सहित कई जगह की नौकरी:*** इसके लिए हर्षवर्धन ने अपने स्ट्रगलिंग दिनों में डिलेवरी बॉय के तौर पर भी नौकरी की है। इसका खुलासा भी खुद हर्षवर्धन ने जॉन



अब्राहिम के साथ मुलाकात का किस्सा सुनाते हुए किया था। हर्षवर्धन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया था, 'मेरे शुरुआती दिनों में मैंने कई तरह की नौकरियां की हैं। 2004 में मैंने एक एसटीडी बूथ में बतौर ओपरेटर की नौकरी की जहां मुझे दिनभर की कमाई में 10 रुपये मिला करते थे। इसके बाद मैंने साइबर कैफे में भी काम किया जहां मेरी तनख्वाह दिन की डबल यानी 20 रुपये हो गई थी।

***जॉन अब्राहम के घर गया था डिलेवरी देने :*** इसके बाद मैंने डिलेवरी बॉय का काम संभाला और मुझे जॉन अब्राहिम से मुलाकात का मौक भी मिला। मैं हैलमेट की डिलेवरी किया करता था और कंपनी ने जॉन अब्राहिम के यहां मुझे डिलेवरी के लिए भेजा था। जब मैं वहां पहुंचा तो जॉन अब्राहिम 10 मिनट बाद खुद मुझसे मिलने आए और मुझे शुक्रिया कहा। इतने बड़े स्टार की इस हम्बलनेस से मैं काफी प्रभावित हुआ था।'

***टीवी से की शुरुआत, मचाया जमकर धमाल :*** हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत साल 2007 में आए टीवी सीरियल 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' से की थी। इस सीरियल के बाद हर्षवर्धन ने साउथ की फिल्मों में काम तलाशना शुरू कर दिया। खास बात ये है कि हर्षवर्धन को साउथ की फिल्में भी मिलने लगीं। 2010 में हर्षवर्धन ने 'थकिता थकिता' नाम की साउथ फिल्म में काम किया। इसके बाद 2012 में 'ना इस्थाम' में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। इसके बाद ये सफर लगातार जारी रहा।

### री-रिलीज में स्टारकिड्स को पछाड़ा

हर्षवर्धन की फिल्म अब 2025 में पूरे 9 साल बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो तहलका हो गया और फिल्म ने 45 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर डाली। इतना ही नहीं हर्षवर्धन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने बॉक्स ऑफिस पर स्टारकिड्स जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म 'लवयापा' को भी पछाड़ दिया है।

नेशनल ब्रेवरी अवॉर्ड से की जा चुकी हैं सम्मानित

# 36 बच्चों की मां है 50 साल की ये हसीना, 600 करोड़ की प्रॉपर्टी को मार चुकी है ठोकर

*मुंबई। बॉलीवुड में ऐसे कई स्टार हैं, जो अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने सोशल वर्क के लिए भी जाने जाते हैं। इनमें सोनू सूद से लेकर जॉन अब्राहम और दीया मिर्जा सहित कई नाम शामिल हैं। ये स्टार, अपने-अपने स्तर पर सोशल वर्क में अपना योगदान दे रहे हैं। इस लिस्ट में 90 के दशक की भी एक एक्ट्रेस का नाम शुमार है। इस एक्ट्रेस ने जब इंडस्ट्री में कदम रखा तो अपनी क्यूटनेस और डिंपल्स से हर किसी का दिल जीत लिया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति जिंटा के बारे में। क्या आप जानते हैं, प्रीति जिंटा एक-दो नहीं बल्कि 36 बच्चों की मां हैं। कैसे, चलिए बताते हैं।*



### 34 बच्चे बाल निकेतन के और 2 खुद के

प्रीति जिंटा ने साल 2016 में अमेरिकी बॉयफ्रेंड जीन गुडइनफ से शादी की थी, जिनके साथ वह अब विदेश में ही सेटल हो चुकी हैं। शादी के पांच साल बाद दोनों सरोगेसी के जरिए 2 जुड़वा बच्चों जय और जिया के पेरेंट बने। लेकिन, इससे पहले ही प्रीति 34 बच्चों की मां बन गई थीं। प्रीति जिंटा ने 2009 में अपने 34वें जन्मदिन पर खुद को बहुत प्यारा सा गिफ्ट दिया और ऋषिकेश के मदर मिरेकल अनाथालय की 34 अनाथ बच्चियों को गोद लेने का फैसला किया। इस तरह इन 34 अनाथ बच्चियों और अपने दो बच्चों के साथ प्रीति 36 बच्चों की मां बन चुकी हैं।

### 34 बच्चियों की पूरी परवरिश की ली जिम्मेदारी

प्रीति जिंटा ने एक पुराने इंटरव्यू में इन बच्चियों को गोद लेने की बात कही थी। इसी दौरान प्रीति ने कहा था कि वह हमेशा इन 34 बच्चियों की परवरिश का ख्याल रखेंगी। उनकी शिक्षा के खर्च से लेकर कपड़े, खाना और अन्य चीजों का खर्च भी वही उठाएंगी। प्रीति इन 34 बच्चियों को अपनी जिम्मेदारी मानती हैं और अक्सर अपनी इन बेटियों से मिलने ऋषिकेश जाती रहती हैं।



प्रीति विदेश में रहते हुए भी इन बच्चियों के खर्च और जिम्मेदारी का पूरा ध्यान रखती हैं।

### शाहरुख खान की फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें, प्रीति जिंटा ने 90 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था। प्रीति की पहली फिल्म 'दिल' थी, जिसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला लीड रोल में थे। इसके बाद प्रीति ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं और बॉलीवुड के तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम किया। उन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में दीं, जिनमें 'क्या कहना', 'कोई मिल गया' और 'वीर जारा' शामिल हैं। प्रीति अपनी फिल्मों के साथ ही अपनी खूबसूरती, क्यूटनेस और डिंपल के लिए भी मशहूर हैं।

### 600 करोड़ की संपत्ति लेने से किया इंकार

प्रीति जिंटा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा ये भी है कि उन्होंने विरासत में मिली 600 करोड़ की संपत्ति को ठोकर मार दी थी। दरअसल, अभिनेत्री को दिवंगत डायरेक्टर कमाल अमरोही के बेटे शानदार अमरोही अपनी बेटी की तरह मानते थे। यही नहीं, वे अपनी 600 करोड़ की संपत्ति प्रीति जिंटा को देना चाहते थे, लेकिन प्रीति ने इसे लेने से इनकार कर दिया। 13 की उम्र में अपने पिता को खो चुकीं प्रीति का तर्क था कि वह अपने जीवन में किसी को अपने पिता की जगह नहीं दे सकतीं और ना ही किसी की संपत्ति ले सकती हैं।

## प्रगति के पथ पर दौड़ता मप्र



# मप्र तेजी से आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश के केंद्र में बदल रहा है, जो वैश्विक व्यापार जरूरतों को पूरा करता है



मध्यप्रदेश भारत की प्रौद्योगिकी क्रांति में एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, एक संपन्न प्रतिभा पूल और दूरदर्शी नीतियों का एक आदर्श मिश्रण है। राज्य तेजी से आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश के केंद्र में बदल रहा है, जो वैश्विक व्यापार आवश्यकताओं को पूरा करता है। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023के साथ मध्यप्रदेश मजबूत प्रोत्साहन, सुव्यवस्थित अनुमोदन और नवाचार के लिए एक इकोसिस्टम प्रदान करके वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रहा है।

इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे टियर-2 शहरों का तकनीकी केंद्र के रूप में उदय राज्य की सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। आईटी पार्कों, एसईजेड और एक बढ़ते स्टार्टअप इंफ्रास्ट्रक्चर की अपनी मजबूत नींव के चलते राज्य वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी), सेमीकंडक्टर, एवीजीसी-एक्सआर और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में भी निवेश कर रहा है। बदलते वैश्विक डिजिटल परिदृश्य में मध्यप्रदेश नए दृष्टिकोण से तकनीकी-संचालित उद्योगों और निवेशों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

### इन विशेषताओं ने दुनिया को आकर्षित किया

- 5 आईटी एसईजेड और 15 से अधिक आईटी पार्क प्रदेश में एक मजबूत प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा तैयार करते हैं।
- राज्य में 50 से अधिकबड़ी आईटी कंपनियां संचालित है, जो एक मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान करती हैं।
- प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 15 लाख से अधिकप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हैं।
- राज्य से लगभग 1200 से अधिकतकनीकी स्टार्टअप और 2 यूनिकॉर्न उभरे हैं।
- राज्य भर में 300 से अधिककॉलेज तकनीकी शिक्षा प्रदान करते हैं।
- स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा धारकों सहित सालाना 50 हजार से अधिक तकनीकी स्नातक।
- डेटा केंद्रों और आईटी क्षेत्र के लिए 24/7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और कच्चे माल की उपलब्धता।
- कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता का 27% नवीकरणीय स्रोतों से आता है।उद्योगों के लिए खुली पहुंच की अनुमति है।




### राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी मध्यप्रदेश

- मध्यप्रदेश का जीएसडीपी भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5% का योगदान करता है।
- उभरते आईटी/ ईएसडीएम निर्यात का लक्ष्य भारत के 220 लाख करोड़ रुपए के मजबूत निर्यात बेंचमार्क को ध्यान में रखते हुए आगे वृद्धि करना है।
- मध्यप्रदेश में आईटी/आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र 5 लाख करोड़ रुपए का योगदान करते हैं, जो भारत के 465 लाख करोड़ रुपए की तुलना में स्थिर वृद्धि दर्शाता है।

### इसलिए मप्र हैं पसंदीदा राज्य

- व्यापार-समर्थक नीतियां:वैश्विक तकनीकी मांगों का समर्थन करने के लिए अनुकूलित प्रोत्साहन।
- भारत में टियर-2 शहरों का गतिशील तकनीकी केंद्रों के रूप में उदय, कार्य और नवाचार के भविष्य को नया स्वरूप देना - इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर।
- लागत प्रभावी संचालन, कार्य जीवन संतुलन, उच्च जीवन स्तर।
- स्टार्टअप विकास:नवाचार के लिए पर्याप्त अवसरों के साथ एक बेहतर इकोसिस्टम।

### 24 एवं 25 फरवरी को होगा समिट




24 एवं 25 फरवरी2025 को भोपाल में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान एमपी मोबिलिटी एक्सपो का आयोजन होगा। यह प्रमुख कार्यक्रम राज्य की ऑटोमोटिव क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित करेगा। नवाचार और स्थिरता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथएक्सपो का उद्देश्य मध्यप्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन समाधानों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मध्यप्रदेश ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी पर मजबूत जोर देने के साथ-साथटिकाऊ और नवाचार वाले भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश वाणिज्यिक वाहनों और कृषि उपकरणों के निर्माण के क्षेत्र में एक शीर्ष राज्य है। प्रदेश की औद्योगिक सहायक नीतियों और अपने मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचेने ऑटोमोटिव उद्योग के कई दिग्गजों को आकर्षित किया है।

# कोयले से लेकर हीरे तक मध्यप्रदेश भारत के भूमिगत खजानों को अनलॉक करने में अग्रणी



**मध्यप्रदेश का खनन एवं खनिज क्षेत्रः संभावनाओं और अवसरों की बड़ी खदान**

भारत का हृदय मध्यप्रदेशखनिज संपदा और खनन क्षमता का एक पावर हाउस है। अद्वितीय खनिज भंडार और रणनीतिक नीति समर्थन के साथ राज्य खनन और खनिज आधारित उद्योगों के लिए एक प्रकाश स्तंभ बन गया है। कोयले से लेकर हीरे तक मध्यप्रदेश भारत के भूमिगत खजानों को अनलॉक करने में अग्रणी है। राज्य में महत्वपूर्ण खनिजों के विशाल भंडार हैं। यह भारत का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है, पन्ना रत्न-श्रेणी के हीरे के खनन के वैश्विक केंद्र के रूप में चमक रहा है। भारत के कोलबेड मीथेन (सीबीएम) भंडार के 36% के साथमध्यप्रदेश राष्ट्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सतना, रीवा और सीधी जैसे जिलों में फैले चूना पत्थर के भंडारतेजी से बढ़ते सीमेंट उद्योग की पूर्ति करते हैं, जबकि बालाघाट भारत के 73% भंडार के साथ तांबे के उत्पादन में अग्रणी है। मैंगनीज अयस्क, बॉक्साइट और रॉक फॉस्फेट जैसे प्रमुख संसाधन राज्य की प्रोफाइल को और बढ़ाते हैं, जबकि दुर्लभ पृथ्वी तत्वों, ग्लूकोनाइट और टिन में संभावित खोज गतिविधियों का पता चलता है।बैतूल और सीधी जैसे जिलों में ग्रेफाइट की उपस्थिति इस्पात और ऑटोमोटिव क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों की पूर्ति करने की क्षमता बताती है।

### औद्योगिक तालमेल

प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा ने खनिज आधारित उद्योगों के विकास को प्रेरित किया है। सीमेंट निर्माण संयंत्र, थर्मल पावर स्टेशन और फेरोलॉय इकाइयाँ राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्तमध्यप्रदेश का बुनियादी ढांचा एक विस्तृत सड़क नेटवर्क, कंटेनर डिपो और हवाई अड्डों के साथ खनन क्षेत्र के लिए सुचारू लॉजिस्टिक समर्थन सुनिश्चित करता है। सरकारी प्रोत्साहन इस क्षमता को बढ़ाते हैं। संयंत्र और मशीनरी निवेश के लिए 40% तक पूंजी सब्सिडी की पेशकश करने वाली नीतियांमेगा परियोजनाओं के लिए राजकोषीय लाभों के साथमध्यप्रदेश को निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाती हैं।



### अवसर और नवाचार

जैसे-जैसे भारत अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, मध्यप्रदेश में खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। शाहडोल और सिंगरौली में कोयला भंडार थर्मल बिजली उत्पादन के लिए अपरिहार्य हैं।भले ही राज्य हरित विकल्पों की खोज कर रहा हो। इसके अतिरिक्तइलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति से प्रेरित तांबे की बढ़ती मांगमध्यप्रदेश को तांबा शोधन और संबद्ध उद्योगों के केंद्र के रूप में स्थापित करती है। राज्य खोज में अत्याधुनिक तकनीकों का भी लाभ उठा रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल) जैसी एजेंसियां नए खनन ब्लॉकों की क्षमता को अनलॉक करने के सर्वेक्षण कर रही हैं।

### एक उज्जवल भविष्य

मध्यप्रदेश की रणनीतिक स्थिति, कुशल कार्यबल और खनिज बहुतायत निवेशकों के लिए अवसर का एक अनूठा त्रिकोण बनाते हैं। मजबूत नीति समर्थन और बुनियादी ढांचे के साथराज्य भारत के खनन और खनिज क्षेत्र में अग्रणी बने रहने के लिए तैयार है। मध्यप्रदेश मेंप्राकृतिक संसाधन न केवल संसाधनों बल्कि विकास, नवाचार और स्थिरता की क्षमता रखते हैं। यह जीवंत खनन परिदृश्य वैश्विक निवेशकों को इसकी परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आकर्षित करता है। 25 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश सरकार का प्रमुख निवेश संवर्धन कार्यक्रम इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 खनन क्षेत्र पर एक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। खनन शिखर सम्मेलन खनन और इससे संबंधित उद्योगों, तेल और गैस क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम है। राज्य के प्रचुर खनिज संसाधनों के उपयोग पर ध्यान देने के साथ-साथ शिखर सम्मेलन नियामक ढांचे और तकनीकी प्रगति पर चर्चा की सुविधा प्रदान करेगा। यह मंच सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और निवेशकों को इस क्षेत्र में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए एक साथ लाएगा, जो मध्यप्रदेश को खनन और ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

### खनिज संपदा से परिपूर्ण मध्यप्रदेश

- भारत का एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य
- तांबा अयस्क और मैंगनीज अयस्क का अग्रणी उत्पादक
- देश के शीर्ष खनिज उत्पादक राज्यों में शामिल:
- रॉक फॉस्फेट (दूसरा)
- चूना पत्थर (तीसरा)
- कोयला (चौथा)

### खनिज ब्लॉक नीलामी में उपलब्धियाँ

- पहला पुरस्कारः जनवरी 2024 में राज्य खनन मंत्रियों के सम्मेलन में सर्वाधिक ब्लॉक नीलामी के लिए सम्मानित।
- पहला पुरस्कारः जुलाई 2022 में भारत सरकार से प्रमुख और गौण खनिजों के लिए।
- दूसरा पुरस्कारः जुलाई 2022 में भारत सरकार से लौह अयस्क, चूना पत्थर और बॉक्साइट के लिए।
- 78 ब्लॉकः अब तक सफलतापूर्वक नीलाम, यह सभी राज्यों के बीच मध्यप्रदेश का एक रिकॉर्ड है।

D-16116/24

चिंतन

# यूक्रेन के बिना यूएस-रूस वार्ता सिरे नहीं चढ़ेगी

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन शायद जल्दी में है। रूस व यूक्रेन जंग समाप्त कराने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने की जल्दी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने सीधे रूस के साथ वार्ता-ए-आगाज की है। रूस व यूक्रेन के बीच शांति कायम करने के लिए यह वार्ता सऊदी अरब में हो रही है। चौंकाने वाली बात है कि युद्ध के अहम भागीदार यूक्रेन को इस वार्ता में शामिल ही नहीं किया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस वार्ता को लेकर नाराजगी जताई है और दोनों को साफ संदेश दिया है कि यूक्रेन वार्ता के किसी निर्णय को नहीं मानेगा। बड़ा सवाल है कि युद्ध यूक्रेन व रूस के बीच है, इसलिए वार्ता का पहला हक इन दोनों मुल्क को है। आखिर अमेरिका किस हैसियत से यह वार्ता कर रहा है? यूक्रेन ने न ही उसे अपना वार्ताकार नियुक्त किया है व न ही उसे मध्यस्थता के लिए कहा है। तो अमेरिका कहां खड़ा है? यदि अमेरिका रूस का मन टटोलने के लिए बात कर रहा है, तो उसने यूक्रेन को विश्वास में क्यों नहीं लिया? यूक्रेन अगर इस वार्ता के नतीजे को नहीं मानेगा तो आखिर इस वार्ता का औचित्य क्या रह जाएगा? हड़बड़ी में की गई अमेरिकी पहल से यह संदेश निकल रहा है कि यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने में व साथ निभाने में अमेरिकी हाथ रहा है। अब अमेरिका यूक्रेन को अपने हाल पर छोड़ने की जल्दी में है। यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाने की अमेरिकी मंशा पर पानी फिरता दिख रहा है। ट्रंप से पहले की डेमोक्रेट सरकार की नीति रूस को अलग-थलग करने की थी, इसलिए खुले तौर पर यूक्रेन का साथ यूएस दे रहा था। अब ट्रंप प्रशासन दुनिया के पटल पर रूस को अलग-थलग करने की अमेरिकी नीति को बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसी क्रम में वह वार्ता कर रहा है, किंतु यूक्रेन को विश्वास में लेकर भी यह पहल अमेरिका कर सकता था। माह के शुरू में ट्रंप ने यूक्रेन और रूस के प्रति अमेरिकी नीति को बदल दिया था। अच्छा होता अमेरिका वार्ता टेबल पर रूस व यूक्रेन के साथ होता, जो भी बात होती, उसमें पारदर्शिता होती। यूक्रेन की संप्रभुता की अनदेखी करके कोई भी शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती है। अतीत में कई उदाहरण हैं, जिसमें एक पक्षकार के बिना अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सुलझाने की पहल औंधे मुंह गिरी है। अफ्रीकी महाद्वीप के बंटवारे के लिए वर्ष 1884-1885 की सर्दियों में जर्मनी ने यूरोप के शक्तिशाली देशों के साथ वार्ता की थी, पर इसमें अफ्रीका का कोई देश शामिल नहीं था। नतीजा 20वीं सदी का पहला नरसंहार व अत्याचार के रूप में निकला था। समोआ को लेकर जर्मनी, ब्रिटेन व अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय सम्मेलन में समोआ शामिल ही नहीं था। समोआ आज भी बंटा हुआ है। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश और फ्रांसीसी प्रतिनिधि के बीच ऑटोमन साम्राज्य के बंटवारे को लेकर साइक्स-पिकॉट समझौता हुआ, इसमें ऑटोमन शामिल नहीं था। ब्रिटेन व जर्मनी के बीच चेकोस्लोवाकिया को लेकर म्यूनिख समझौता को विश्वासघात के रूप में देखा जाता है। वर्ष 1938 में फ्रांस समेत 32 देशों ने जर्मनी में यहूदी शरणार्थियों की स्थिति पर एवियन सम्मेलन किया, जिसमें जर्मनी शामिल नहीं था। पोलैंड को लेकर जर्मनी व सोवियत संघ के बीच समझौता में पोलैंड शामिल नहीं था। वर्ष 1945 में अमेरिका, ब्रिटेन व सोवियत रूस के बीच यूरोप के भाग्य के फैसले को लेकर याल्टा सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रभावित कोई मुल्क नहीं था। इसलिए अमेरिका को अतीत से सबक लेते हुए शांति वार्ता में रूस व यूक्रेन दोनों को शामिल करना चाहिए।



कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी

# गाजा पर ट्रंप के बयान से हलचल

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया।**

पिछले दिनों जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर नियंत्रण कर उसे लग्जरी पर्यटन केंद्र (मध्यपूर्व का रिवेरा) के रूप में तब्दील करने का ऐलान किया तो पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में कूटनीतिक हलचल पैदा कर दी। मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर फिलिस्तीन अथॉरिटी और अरब लीग ने संयुक्त रूप से ट्रंप की इस योजना की आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका गाजा पर कब्जा करता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरिता को खतरा हो सकता है और संघर्ष और बढ़ सकता है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी ट्रंप के बयान की आलोचना की। उनका कहना है कि गाजा पर समाधान की खोज में किसी भी प्रकार के जातीय सफाए से बचना आवश्यक है। अब मिस्र भी कूद गया है।

गुटेरेस के बयान से साफ है कि ट्रंप की इस योजना से क्षेत्रीय शांति पर असर पड़ सकता है। दरअसल, कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने अपनी योजना को दुनिया के सामने रखते हुए कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने योजना का खुलासा करते हुए यह भी कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। ट्रंप की परियोजना से अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। ट्रंप मूल रूप से एक अरबपति बिल्डर हैं। वो कारोबार की दुनिया से राजनीति में आए हैं। इसलिए जब गाजा के पुनर्निर्माण की बात आई तो उन्होंने यह कह दिया कि अगर गाजा को फिर से बसाना है तो उसके नागरिकों को मलबे में शरण नहीं देनी चाहिए। लेकिन 15 महीनों के युद्ध में जिस तरह से गाजा तबाह हुआ है उसे देखते हुए गाजा के पुनर्निर्माण में दशकों का समय लगेगा। यूएन के आंकड़ों के अनुसार इस समय गाजा में जितना कचरा जमा है उसे हटाने में कम से कम 21 साल का समय लग सकता है। उसका कहना है कि गाजा में 2008 से अब तक हुए संघर्ष में जितना मलबा पैदा हुआ है, उससे 17 गुना अधिक कचरा पिछले 15 महीने के युद्ध में हो गया है।

ऐसे में पहले तो बिना फटे हथियारों और मलबे के पहाड़ों को हटाना होगा। पानी-बिजली की सप्लाई बहाल करनी होगी। इसके बाद स्कूलों, अस्पतालों व दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने होंगे। इस काम में कई साल लग सकते हैं। इसलिए ट्रंप चाहते हैं कि जब तक गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा हो, तब तक फिलिस्तीनियों को कहीं दूसरी जगह जाना चाहिए। सवाल यह है कि जिस जमीन को लेकर बीते सवा साल में 50 हजार से अधिक फिलिस्तीनियों ने अपनी जान गंवा दी, उसे छोड़ने के लिए वे कैसे राजी हो सकते हैं।

पूरे मामले का सूक्ष्म अवलोकन करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप की पूरी परियोजना ही न केवल सवालों और संदेह के घेरे में हैं, बल्कि पूरी तरह से हवा-



हवाई, अनैतिक और कानूनी पेचिदगियों से भी भरी हुई है। पहला और सबसे अहम सवाल तो यह है कि इजरायल-हमास शांति समझौते के बीच उद्घोषित इस योजना को लागू करने का अर्थ क्या मीडिल ईस्ट को लेकर अमेरिकी नीति में आए बदलाव का संकेत है। अब तक अमेरिका 'टू-स्टेट सॉल्यूशन' को मान्यता देता था। वह इजरायल के साथ-साथ एक स्वतंत्र और संप्रभु फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थक रहा है। गाजा में फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने से क्या फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा खत्म नहीं हो जाएगा। क्या ट्रंप की परियोजना अमेरिका पोषित 'द्वी राष्ट्रवाद' के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है। दूसरा जिस तरह से फिलिस्तीनियों के विस्थापन की बात कही जा रही है, क्या उससे हमास-इजरायल शांति समझौता लागू होने से पहले ही खत्म नहीं हो जाएगा। नेतन्याहू के साथ बैठक से पहले ट्रंप कह चुके हैं कि उनके पास कोई गारंटी नहीं है कि गाजा में मौजूदा युद्धविराम समझौता कायम रहेगा। ऐसे में गाजा में बंधकों की रिहाई की उम्मीद क्या फिर खत्म हो जाएगी। तीसरा, योजना को उद्घाटित करने से पहले क्या ट्रंप ने गाजा की राजनीतिक, ऐतिहासिक और सुरक्षा संबंधी जटिलताओं पर भी कोई होमवर्क किया है। परियोजना पर अमेरिकी समर्थक अरब राष्ट्र भी विश्वास के लिए तैयार नहीं है। उनके संदेह के भी जायज कारण है। जिस तरह से ट्रंप ग्रीनलैंड को खरीदने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने, मैक्सिकों की खाड़ी का नाम बदलने और पनामा नहर पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं उससे भी ट्रंप की 'सद्इच्छा' पर संदेह होता है। संदेह की दूसरी बड़ी वजह बेंजामिन नेतन्याहू का 'ग्रेटर इजरायल' का सपना भी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा होने के बाद ट्रंप सजा-संवरा गाजा इजरायल को सौंप दे। हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका किस कानूनी आधार पर गाजा में इस तरह का कदम उठा सकता है। अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके आधार पर बड़ी आबादी को जबरन विस्थापित किया सकता हो। गाजा फिलिस्तीनियों का घर है। 1948 के युद्ध के दौरान भी वे विस्थापन की पीड़ा भुगत चुके हैं, इसलिए जाहिर है कि ट्रंप की योजना कानूनी और नैतिक दोनों ही दृष्टि से उचित नहीं हैं। अरब नेताओं ने दशकों तक फिलिस्तीनी राष्ट्रीय मुद्दे को अपनी राजनीति के केंद्रीय तत्व के रूप में रखा है। ट्रंप की योजना अरब राजनीति की इस केन्द्रीय तत्व को भी कमजोर करती है। फिलिस्तीनियों को जबरन दूसरी जगह भेजने की योजना न केवल टू-स्टेट सॉल्यूशन को खत्म करेगी बल्कि इसे अरब देशों द्वारा जातीय सफाए के रूप में भी देखा जाएगा।

जैसा कि यूएन महासचिव कर रहे हैं। योजना के पटाक्षेप के बाद जिस मुखरता से अरब देशों ने इसका विरोध किया है, उससे जाहिर है वे ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार करने के मूड में कतई नहीं है। ट्रंप की योजना पश्चिम एशिया में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति को मजबूत करने और मिडिल ईस्ट के देशों पर कड़ी नजर रखने (खासकर ईरान) का प्रयास भी हो सकती है। इसके अलावा लाल सागर पर भी अमेरिका अपना प्रभाव कायम करने की मंशा रखता है जिससे उसे अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर बढ़त हासिल हो सके। हूती जैसे संगठनों पर लगाम लगाने के लिए भी यह योजना कारगर साबित हो सकती है। गाजा पर कब्जा कर वह हूती के गढ़ यमन पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। संदेह के तमाम कारणों के बीच अरब राष्ट्रों को जो सवाल सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है वह यह कि क्या यह ट्रंप का महज एक विवादित बयान है या इसके पीछे कोई गंभीर रणनीति छिपी हुई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि ट्रंप अपनी इस योजना के जरिए पश्चिमी हितों को पूरा करने के लिए अरब शासन के विघटन का कोई नुस्खा दे रहे हैं।

(लेखक एमजेजीसी सूरतगढ़ (राजस्थान) में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

काशी तमिल संगमम
सुभाष चन्द्र



# विश्वनाथ के साथ भारती का घर भी बन गया तीर्थ

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 फरवरी, 2025 को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का औपचारिक उद्घाटन किया। पतित पावनी गंगा के तट पर नमो घाट पर दो संस्कृतियों के मिलन को सहज ही समझा जा सकता है। तमिलनाडु से संगमम में शामिल होने के लिए जो भी जत्था आता है, वो पहले गंगा में स्नान करता है। मंदिरों में पूजन-परिक्रमा आदि करता है। बाबा विश्वनाथ का आशीष लेता है। साथ ही हनुमान घाट स्थित स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती के घर जरूर जाता है। दरअसल, सनातन धर्म में मोक्ष की कामना लिए हर व्यक्ति अपने जीवनकाल में एक बार काशी आना चाहता है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी। यहां आदिदेव महादेव विराजते हैं। पुराणों और वैदिक ग्रंथों में इस नगरी की काफी महत्ता बताई गई है। विदेशी भी यहां घूमने आते रहे हैं। उत्तरवाहिनी गंगा के किनारे बसा यह नगर हमेशा से लोगों को आकर्षित करता रहा है। हाल के दिनों में यहां एक नया तीर्थ बन गया है। वह तीर्थ है - स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती का घर। यूं तो तमिलनाडु से आने वाले अधिकतर लोग हनुमान घाट और केदार घाट पर गंगा में स्नान करते हैं। यहां से वह कई मठों में पूजा अर्चना करते हैं। उसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते रहे हैं। लेकिन, काशी तमिल संगमम के आयोजन से हनुमान घाट पर शंकर मठ के सामने स्थित सुब्रह्मणयम भारती का घर स्वयमेव तीर्थ बन गया है। हर खास और आम उनकी देहरी को नमन करना चाहता है, जहां सुब्रह्मणयम भारती ने अपना लगभग पूरा जीवन बिता दिया। असल में, केदार घाट और हनुमान घाट को काशी में मिनी तमिलनाडु कहते हैं। यहां सैकड़ों तमिल परिवार सदियों से निवास करते हैं। यहां इनकी पूरी संस्कृति दिखती है। पं. वेंकट रमण घनपाठी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु का गहरा रिश्ता है। ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं सदियों पुराना है। तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्यम भारती ऐसे साहित्यकार थे, जो सक्रिय रूप से 'स्वतंत्रता आंदोलन' में शामिल रहे, जबकि उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में आम लोग आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े। ये ऐसे महान कवियों में से एक थे, जिनकी पकड़ हिंदी, बंगाली, संस्कृत, अंग्रेज़ी आदि कई भाषाओं पर थी, पर तमिल उनके लिए सबसे प्रिय और मीठी भाषा थी। उनका 'गद्य' और 'पद्य' दोनों विधाओं पर समान अधिकार था। इन्हें महाकवि भरतियार के नाम से भी जाना जाता है। इनकी देश प्रेम की कविताएं इतनी श्रेष्ठ हैं कि इन्हें भारती उपनाम से ही पुकारा जाने लगा। सुब्रह्मणयम भारती का मानना था कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा रहे। स्वतंत्र रूप से सोचना-विचारना केवल मातृभाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है और उसी राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली सफल हो सकती है, जो मातृभाषा के माध्यम से दी जाएगी। विलायती भाषा द्वारा पढ़ाई से राष्ट्रभाषा मन्द पड़ने लगेगी और कालान्तर में मिट ही जाएगी। आज की शिक्षा मस्तिष्क के विकास की है, जबकि मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए आत्मा का विकास महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जिसके द्वारा हम अपने अतीत के साथ न्याय करते हुए भविष्य की मांग के अनुरूप बन सकें। सुप्रसिद्ध कवि सुब्रह्मण्य भारती की प्रारंभिक कविताओं में तमिल राष्ट्रवाद का उल्लेख मिलता है, किन्तु स्वामी विवेकानंद के प्रभाव में आने के बाद उनकी जीवन के उत्तरार्ध में लिखी कवितायें भारतीय हिन्दू राष्ट्रवाद का गुणगान करती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में स्वीकार किया कि यह परिवर्तन उनकी गुरु भगिनी निवेदिता और स्वामीजी के कारण उत्पन्न हुआ। भारती का प्रिय गान बंकिम चन्द्र का 'वन्दे मातरम्' था। 1905 में काशी में हुए 'कांग्रेस अधिवेशन' में सुप्रसिद्ध गायिका सरला देवी ने यह गीत गाया। भारती भी उस अधिवेशन में थे। मद्रास लौटकर भारती ने उस गीत का उसी लय में तमिल में पद्यानुवाद किया, जो आगे चलकर तमिलनाडु के घर-घर में गूंज उठा।

*'अन्न चत्रम आथिरम वैत्तल आलयम पतिनारियम नाट्टल*
*अन्न याविलुम पुण्यम कोड़ो आंकोर एवैकु एलुत्तरिवित्तल'*

यह उद्गार हैं, सुब्रह्मण्य भारती के, जो हर तमिल पाठक के हृदय में वास करते हैं। शिक्षा दान को सर्वोपरि मानने वाले भारती केवल एक लेखक या कवि ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भी थे। उनके विचारों और लेखन में अपने समय से बहुत आगे की सोच थी। वे कथनी और करनी के बीच अंतर नहीं रखते थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# काम शुरू करने से ज्यादा है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## कुंभ से पहुंचे वाराणसी



प्रयागराज कुंभ से वाराणसी पहुंचे आवाहन अखाड़े के साधुओं ने मंगलवार को यहां शोभायात्रा निकाली जिसमें नागा साधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्राय: हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- पवन खेड़ा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# दक्षिणी लेबनान के ग्रामीण घर लौटने की तैयारी में



इजराइली सेनाएं मंगलवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती गांवों से वापस लौट गईं। यह वापसी अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम समझौते में तय समय सीमा के अंतर्गत हुई, जिसके साथ ही इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच नवीनतम युद्ध समाप्त हो गया। लेबनानी सैनिक उन इलाकों में पहुंच गए हैं जहां से इजरायली सैनिक वापस चले गए थे और उन्होंने इजराइली सेना द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाना शुरू कर दिया है। साथ ही वे बिना विस्फोटकों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने गांवों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया ताकि किसी को भी अंदर जाने से रोका जा सके। ऐसा सेना द्वारा वहां मौजूद विस्फोटकों की तलाश कर उन्हें नष्ट करने के मद्देनजर किया गया है। गांव के अधिकांश लोग अपने घरों की जांच करने के लिए सड़क के किनारे अनुमति का इंतजार कर रहे थे, लेकिन कुछ लोग सड़क के अवरोधकों को हटाकर अंदर चले गए। हालांकि, इजरायली सैनिक लेबनान के अंदर पांच रणनीतिक निगरानी बिंदुओं पर बने हुए हैं। यह लेबनानी अधिकारियों और उग्रवादी गुट हिजबुल्लाह समूह के लिए एक गंभीर मुद्दा है, जिन्होंने कहा है कि इजरायल को मंगलवार तक पूरी तरह से वापस लौटना होगा।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी से बाहर खनन की होड़ ने पकड़ा जोर



जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण और उपनिवेशीकरण का विस्तार होगा, पृथ्वी से बाहर के संसाधन तेजी से बढ़ता एक बाजार बनाएंगे। अंतरिक्ष में गहराई से खोज करने और अन्य ग्रहों पर उपनिवेश स्थापित करने का अभियान पिछले दशक में तेज हो गया है। विषम वातावरण में भी मूल्यवान संसाधन और खनिज प्राप्त करना लंबे समय से मनुष्यों के लिए आकर्षक रहा है। बहुमूल्य संसाधनों की तलाश में खतरों का सामना करने का हमारा इतिहास रहा है। 1800 के दशक में सोने की दौड़ से लेकर अंतरिक्ष संसाधनों में हालिया उछाल तक, मनुष्य दुर्लभ और लाभदायक सामग्रियों को खोजने और इकट्ठा करने के लिए जोखिम उठाने को तैयार रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, हम सोने की अगली दौड़ के मुहाने पर हैं - लेकिन पृथ्वी पर नहीं। हाल की वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग सफलताओं और व्यावसायिक हितों के आधार पर, अगले दशक में पृथ्वी से बाहर खनन शुरू होने की उम्मीद है। संभावित खनन स्थलों में चंद्रमा, मंगल, क्षुद्रग्रह और यहां तक कि धूमकेतु भी शामिल हैं। अनुमान है कि 2050 तक चंद्रमा पर खनन, विशेष रूप से चंद्रमा पर मौजूद जल का बाजार अरबों डॉलर तक का हो सकता है।

## ट्रेंड

### विवादित बातों का निषेध



छत्रपति संभाजी महाराज इनको लेकर विकिपीडिया पर लिखी गई विवादित बातों का हम निषेध करते हैं, राज्य सरकार ने आईजी साइबर को विकिपीडिया से बात कर विवादित बातों को हटाकर सही जानकारी प्रेषित करने का आदेश दिया है।

**-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### मतदाताओं की चिंता



भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। नई सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक और असभ्य दोनों है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### शहीदों का महत्व



ये बेहद निंदनीय और अशोभनीय है कि देश के लिए शहीद होने से अधिक महत्व किसी और को दिया जा रहा है। जिन्होंने न आज़ादी दिलाने में कोई भूमिका निभाई, न ही आज़ादी बचाने में वो शहीदों का महत्व क्या जानें।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मल्टीटास्किंग मजेदार



मैं हमेशा अच्छी चीजें करने वाले अच्छे लोगों के साथ मिलती हूं... जब आप हंसते हैं, काम करते हैं और बुनाई करते हैं तो मल्टीटास्किंग मजेदार होती है!

**-काजोल, अभिनेत्री**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा
## वाहनों की लगीं लंबी कतारें, लोग हो रहे परेशान

एजेंसी

दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है।

दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। तीर्थनगरी में चारों ओर जाम लगा है। हाईवे पर वाहन रेंग रहे हैं। मिनटों का सफर घंटों में हो रहा है। श्रद्धालु जाम में फंसने के कारण बेहाल नजर आ रहे हैं। संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता लगा है। स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। जंक्शन के अलावा प्रयाग स्टेशन, झूंसी, रामबाग प्रयागराज, नैनी, छिवकी और फाफामऊ स्टेशनों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। रेलवे की ओर से तैयार कराए गए सारे होल्डिंग एरिया और रैन बसेरे फुल हो गए हैं।



### महाशिवरात्रि से पहले काशी में लगा भक्तों का तांता

*श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में महाकुंभ पलट प्रवाह के 35वें दिन मंगलवार को सुबह से 12 बजे तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिया। भोर में मंगला आरती के बाद से ही भक्तों की लाइनें गोदौलिया और मैदागिन तक लगी रहीं। मंदिर सीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने कहा कि गर्भगृह के एक द्वार से दो दो लाइनों में लगे भक्तों को दर्शन कराया जा रहा है।*

### त्रिवेणी एक्सप्रेस में धुआं देख यात्रियों में मचा हड़कंप



**सोनभद्र।** जिले के खैराही स्टेशन के पास कर्मा थाना इलाके में मंगलवार दोपहर को डिलही के पास त्रिवेणी एक्सप्रेस में आग लग गई। वहीं ट्रेन में आग लगने के बाद उठता हुआ धुआं देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि ड्राईवर की सूझबूझ से सही समय पर आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### अब दिल्ली के एक ही प्लेटफॉर्म से मिलेगी 'प्रयागराज स्पेशल'



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लगातार भारी भीड़ उमर रही है। अब दिल्ली पुलिस ने स्टेशन पर भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कई नए उपाय किए हैं, ताकि फिर से भगदड़ जैसी स्थिति न बन पाए। विशेष बैठक में फैसला किया गया है कि ट्रेन के प्रस्थान से काफी देर पहले स्टेशन आने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करना होगा। दिल्ली पुलिस के जवान, आरपीएफ और जीआरपी एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर टिकट चेक करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आज से तीन दिन तक सारनाथ के थमेंगे पहिए



**बिलासपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के आयोजन का अंतिम समय चलने के कारण भीड़ लगातार जा रही है। रेल प्रशासन ने प्रयागराज के लिए सबसे जरूरी ट्रेन सारनाथ के पहियों को 19 से 21 फरवरी तीन दिन तक थामने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के तुगलकी फरमान से प्रदेश से हजारों की संख्या में कटनी, प्रयागराज और बनारस की ओर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। 13 जनवरी से महाकुंभ का आयोजन शुरू हुआ था।

### सुकेश की जेल बदलने वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की एक याचिका खारिज कर दी। याचिका में सुकेश ने दिल्ली की मंडोली जेल से कर्नाटक या पास के किसी राज्य की जेल में ट्रांसफर के लिए अनुरोध किया था। हालांकि सुकेश को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसने समाज को असुरक्षित बना दिया है।

### कांग्रेस देश के दुश्मनों के साथः सीएम साय



**रायपुर।** 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के चीन पर दिए बयान पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पित्रोदा के चीन पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। साय ने कहा कि पित्रोदा के बयान से साफ हो गया है कि कांग्रेस का 'हाथ' अलगाववादियों और देश के दुश्मनों के साथ है।

### मुक्तसर साहिब में 4 लोगों की मौत



**श्री मुक्तसर साहिब।** पंजाब के मुक्तसर जिले के मलोट के गांव महराजवाला में मुक्तसर रोडवेज डिपो की बस ट्राले से टकराने के बाद खेत की तरफ पलट गई है। घायलों को मलोट के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं आस-पास के लोग भी एकत्र होने शुरु हो गए हैं। बस में 60 से ज्यादा यात्री सवार बताए जा रहे हैं।

### सरकार ने बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

# समकालीन सुरक्षा चुनौतियों पर संयुक्त युद्ध केंद्र ने जारी किए दो प्रकाशन

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

**रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी**

रक्षा मंत्रालय के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के तहत आने वाले संयुक्त अध्ययन युद्ध केंद्र ने मंगलवार को दो महत्वपूर्ण प्रकाशन जारी किए। जिनका संबंध रणनीतिक विचार और नीतिगत संवाद से है।


दोनों के जरिए केंद्र समकालीन रणनीतिक मुद्दों पर बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है। अब यह दोनों प्रकाशन मोनाग्राफ सिनर्जी जर्नल के रूप में उपलब्ध हैं, जो नीति निर्माताओं, सैन्य पेशेवरों, शोधकर्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों के लिए आवश्यक संसाधन के रूप में कार्य करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस अवसर पर आईडीएस के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने प्रमुख पत्रिका सिनर्जी के फरवरी के अंक को जारी किया। जिसका विषय सूचना युद्ध संयुक्त युद्ध को प्रभावित कर रहा है और साथ ही रूस-यूक्रेन युद्धः यूरोप और भारत के लिए प्रभावों को नेविगेट करना विषय पर एक मोनोग्राफ लांच किया।



### दोनों प्रकाशनों का महत्व

*मंत्रालय ने बताया कि सिनर्जी पत्रिका एक विशेषज्ञ समीक्षित पत्रिका है। जो अपने गहन विश्लेषणों और विचारोत्तेजक चर्चाओं के लिए व्यापक रूप से जानी जाती है। इसके जरिए समकालीन सुरक्षा गतिशीलता और भविष्योन्मुखी रणनीतियों पर एक विस्तृत दृष्टिकोण को सामने लाने में मदद मिलती है। साथ ही ये साइबर, मनोवैज्ञानिक व इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सहित आधुनिक संघर्षों में संयुक्त युद्ध में सूचना युद्ध की भूमिका की जांच करने में सहायक है। जबकि मोनोग्राफ रूस-यूक्रेन संघर्ष के भू-राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा निहितार्थों का गहन विश्लेषण प्रदान करता है। यह यूरोपीय स्थिरता, भारत-रूस संबंधों और तेजी से विकसित हो रही वैश्विक व्यवस्था में भारत की रणनीतिक स्थिति पर युद्ध के प्रभाव का आकलन प्रस्तुत करता है। अध्ययन में भू-रणनीतिक, ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों, भारत के कूटनीतिक संतुलन, नाटो के हिंद-प्रशांत विस्तार, ईयू-भारत सहयोग और दीर्घकालिक वैश्विक सुरक्षा निहितार्थ जैसे प्रमुख पहलुओं का पता लगाया गया है।*

## केंद्र ने छग, पंजाब और उत्तराखंड में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनुदान जारी किया





- पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान से ग्रामीण शासन को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ को 244 करोड़ रुपए मिले
- पंजाब को 225 करोड़ रुपए और उत्तराखंड को 93 करोड़ से अधिक की धनराशि मिली

**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पंजाब, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान जारी किया है। पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को प्रदान किए गए ये अनुदान जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जारी पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रतिबंधित अनुदानों की 237.1393 करोड़ की दूसरी किस्त के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रतिबंधित अनुदानों की पहली किस्त की रोकी गई राशि 6.9714 करोड़ शामिल है। ये धनराशि राज्य की 11548 ग्राम पंचायतों, सभी 146 ब्लॉक पंचायतों और सभी 27 जिला पंचायतों के लिए है। पंजाब के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 225.1707 करोड़ की अप्रतिबंधित अनुदान (स्थानीय निकायों को उनके क्षेत्र में विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दी जाने वाली धनराशि) की पहली किस्त जारी की गई है। ये धनराशि राज्य की 13144 ग्राम पंचायतों, 146 ब्लॉक पंचायतों और सभी 22 जिला पंचायतों के लिए है। वहीं उत्तराखंड में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अप्रतिबंधित अनुदानों की 93.9643 करोड़ की पहली किस्त जारी की गई है। पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय जारी करता है। वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित उनतीस (29) विषयों के तहत स्थान-विशिष्ट में महसूस की जाने वाली जरूरतों को पूरा करने के लिए पीआरआई/ आरएलबी इस अनबंधित अनुदानों का उपयोग करता है। इन अनुदानों का उपयोग (ए) स्वच्छता और ओडीएफ स्थिति के रखरखाव की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है और इसमें विशेष रूप से घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार, और मानव मल और मल कीचड़ प्रबंधन शामिल होना चाहिए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 B.N.S.S देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुश्री राजेश्वरी (गारंटर)** पताः मकान नं. एल–136/बी पॉकेट, दिलशाद गार्डन शहादरा दिल्ली 95 इसके अलावा 156, वलीपुरा, कीरथ पुर, तह नैजीबाबाद, जिला बिजनोर, यूपी, ने **CC No. 4708/19 U/s NI Act. थानाः बाराखंभा रोड नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुश्री राजेश्वरी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुश्री राजेश्वरी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 4708/19 U/s NI Act. थानाः बाराखंभा रोड नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुश्री राजेश्वरी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव कुमार
जेएमएफसी –05, कमरा नं. 13
पटियाला हाउस नई दिल्ली

DP/1984/NDD/2025
(Court Matter)

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**परिणाम (संशोधित)**

सीडब्ल्यूपी नं. 22114/2023 और 23085/2023 में माननीय उच्च न्यायालय आदेशों दिनांक 18.11.2024 के अनुपालन में और 29.08.2023 को घोषित अन्तिम परिणाम की निरंतरता में, हरियाणा लोक सेवा आयोग ने एचएसआईआईडीसी विज्ञा. सं. 1(8) ऑफ 2018 में मैनेजर (यूटिलिटी) के पद हेतु अन्तिम परिणाम को संशोधित कर दिया है, जो निम्नानुसार है :-

**एचएसआईआईडीसी में मैनेजर (यूटिलिटी)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4321 | 4451 | 4534 | 4735 | 5435 | 5788 |

आगे, अनुक्रमांक 4769, 4816 और 5571 वाले उम्मीदवारों के सम्बन्ध में अनुशंसाएं एतद द्वारा वापस ले ली गई हैं।

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष लम्बित सीडब्ल्यूपी नं. 4616/2023 के अन्तिम निर्णय के अधीन है।
2. यद्यपि परिणाम तैयार करने में यथोचित सावधानी बरती गई है। तथापि, अनजाने में किसी त्रुटि से इंकार नहीं किया जा सकता है। आयोग किसी त्रुटि को बाद में किसी स्तर पर सुधारने का इसका अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 18.02.2025
संवाद–1156/13/305/2025/32422/88/7 दि. 18.02.25

# दिल्ली हार के बाद पहली बार जुटेंगे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
## खड़गे की अध्यक्षता में बैठक आज, जिम्मेदारी पर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली



अखिल भारतीय कांग्रेस संगठन में 2 महासचिवों और 9 प्रभारियों की नियुक्ति के बाद पहली बार बुधवार को समूचे संगठन की बैठक आहूत की है। जिम्मेदारियों पर बात होगी। हार से कैसे संगठन को उबारा जाए इस पर विमर्श होगा। संगठन का कोष कैसे स्वस्थ रखा जाए, इस पर चर्चा होगी। सबसे महत्वपूर्ण ऐसे नेताओं की पहचान कर प्रदेश में जिम्मेदारी देने पर विस्तार से चर्चा होगी कि जिनकी कांग्रेसी विचारधारा से कनेक्ट हो।

कुछ ऐसे ही विमर्श के लिए लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वरिष्ठ, अनुभवी और युवा नेताओं को मिलाकर 47 सदस्यीय स्टियरिंग कमेटी का गठन किया था। उस वक्त माना जा रहा था कि सीडब्लूसी के भी ताकतवर होगी स्टियरिंग कमेटी, लेकिन बमुश्किल एकाध बैठक ही कमेटी की हो सकी। नये कलेवर, नये तेवर के साथ आकार ले रही एआईसीसी को नये रूपरंग में ढालने की कवायद बुधवार की बैठक के बाद शुरू की जाएगी। कुछ प्रदेश अध्यक्षों को बदला जाना है। सभी नॉन-परफॉर्मिंग प्रदेश अध्यक्षों की पहचान कर ली गई है। कुछ प्रदेश अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि एक साथ आधा दर्जन प्रभारियों को हटाकर सीधे 9 प्रभारियों की नियुक्ति कर कांग्रेस अध्यक्ष ने बोल्ड निर्णय लिये जाने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की जगह पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को पीसीसी की कमान दी जा सकती है। हरियाणा में नगरी निकाय के चुनाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष को बदला जाना है। हरियाणा में विधायक दल का नेता अब तक तय नहीं हुआ, सूत्रों ने कहा कि सामूहिक चर्चा के बाद संबंधित प्रभारियों के साथ मिलकर उक्त राज्यों के मूल विषयों पर भी मल्लिकार्जुन खडगे वन टू वन बातचीत करेंगे। भूपेश बघेल और सैयद नासिर हुसैन को पहली बार एआईसीसी महासचिव की बडी जिम्मेदारी दी गई है। बघेल छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री रहे हैं। पिछडे तबके से आते हैं। पंजाब का प्रभार देकर बघेल से समझा जाएगा कि वे किस तरह से सालभर बाद पंजाब की बाजीगरी में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित कर सकेंगे। नासिर हुसैन कांग्रेस अध्यक्ष के सलाहकार रहे हैं। राज्यसभा सदस्य हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। जम्मू कश्मीर और लद्दाख का प्रभार दिया गया है। कांग्रेस की पतली हालत को दुरुस्त करने की बडी जिम्मेदारी उनको दी गई है। शुरूआत 'होमवर्क' पर उनसे भी विचार होगा। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सिर्फ कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक मजबूती पर बात होगी किसी भी तरह के विषय इंडिया गठबंधन को लेकर एजेंडे में शुमार नहीं किया गया है। बातचीत के क्रम में कोई विषय उठा जाए तो बात अलग है।

EXPERION
THE POSITIVE SIDE OF LIFE
100% FDI REAL ESTATE DEVELOPER

**NOTICE**

Experion Developers Private Limited has come to know about some advertisements from some real estate agents regarding our upcoming Group Housing Project in Sector 48, Gurugram, Haryana, for which HARERA number is still to be received. This notice aims to clarify that Experion Developers has not granted authorization for such advertisements and the advertisers bear full responsibility for any consequences arising from such advertising.

Authorised Signatory
**Experion Developers Private Limited**

Date: **19.02.2025**
Place: **Gurugram, Haryana**

**Experion Developers Private Limited**
**CIN:** U70109DL2006FTC151343
**Corporate Office address:** 8th Floor, Milestone Experion Centre, Sector 15, Part 2, Gurugram, Haryana
**Registered Office Address:** F9, First Floor, Manish Plaza 1, Plot No. 7, MLU, Sector 10, Dwarka, New Delhi- 110075
0124 -6281630 www.experion.co

### उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कहा
# बिना शादी बेशर्मी से रह रहे तो निजता पर हमला कैसे?

एजेंसी नैनीताल



उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में हाल में लागू यूसीसी में लिव-इन संबंध के अनिवार्य पंजीकरण को चुनौती देने वाली एक याचिका पर टिप्पणी की कि 'जब आप बेशर्मी से बिना शादी किए एक साथ रहते हैं तो फिर यह आपकी निजता पर हमला कैसे हुआ? याचिकाकर्ता ने यूसीसी में सहजीवन संबंधों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण किए जाने या कैद की सजा और जुर्माना भरने के यूसीसी के प्रावधान के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि वे यूसीसी के इस प्रावधान से व्यथित हैं क्योंकि उनकी गोपनीयता पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अंतरधार्मिक युगल होने के नाते उनके लिए समाज में रहना और अपने रिश्ते को पंजीकृत कराना मुश्किल है।

### पटना के कंकड़बाग में बड़ी कार्रवाई
# पुलिस और अपराधियों में एनकाउंटर खत्म, आखिरकार 4 बदमाश अरेस्ट

एजेंसी पटना



पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के अशोक नगर स्थित राम लखन पथ इलाके में अपराधियों और पुलिस के बीच मंगलवार दोपहर मुठभेड़ हो गई। मौके पर एसटीएफ समेत कई थानों की पुलिस पहुंची।

इसके बाद खुद को घिरता देख अपराधी एक घर में घुस गए। हालांकि दबिश के बाद पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक निजी मकान से अपराधियों ने पिस्टल से पुलिस पर कई राउंड फायरिंग की। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पूरे मकान को घेर लिया और हथियार से लैस कमांडो और पुलिस के जवानों ने अपराधियों को घेरकर सरेंडर करने के लिए कहा। सूचना के बाद हथियार से लैस कमांडो की टीम भी पहुंची। उन्होंने बुलेट प्रूफ जैकेट के साथ बिल्डिंग में प्रवेश किया। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार भी मौके पर पहुंचे। साथ ही कई अन्य बड़े अधिकारी और पुलिस की टीम हालात को नियंत्रित करने में लगी रही।

### घर में घुस गए थे

*अपराधियों के घर में घुस जाने के बाद पुलिस भी काफी सतर्क हो गई, ताकि रिहायशी इलाका होने की वजह से आम लोगों को कोई नुकसान न हो और किसी भी बड़े एक्शन से पहले अपराधियों को दबोच लिया जाए।पूरे इलाके की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई। शुरुआत में 3-4 अपराधियों के छिपे होने की बात कही जा रही थी।*

### पुलिस पर की थी फायरिंग

*घर से जुड़े सभी गलियों की पुलिस ने घेराबंदी कर दी, ताकि अपराधी कहीं से भी भागने न पाएं, साथ ही सभी मुहाने पर पुलिसकर्मी हथियार के साथ तैनात थे। पुलिस का कहना है कि प्रॉपर्टी विवाद में फायरिंग की गई थी। बदमाशों ने उन पर भी फायरिंग कर दी।*

# देश में पहली 11 एयरबैग्स वाली कार लांच, शुरुआती कीमत 49 लाख से शुरू

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बीवाईडी सीलियन 7 एसयूवी भारत में चीनी वाहन निर्माता की लेटेस्ट इलेक्ट्रिक पेशकश है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को दो वेरिएंट्स-प्रीमियम और परफॉर्मेंस-में पेश किया जा रहा है, जिनकी कीमत क्रमशः 48.90 लाख रुपए और 54.90 लाख रुपए है। ये सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं। देशभर में ईवी की डिलीवरी 7 मार्च 2025 से शुरू होगी। लांच इवेंट में, कार निर्माता ने खुलासा किया कि उसे अब तक सीलियन 7 के लिए 1,000 से अधिक बुकिंग मिल चुकी हैं। ऑफिशियल बुकिंग जनवरी में 2025 भारत मोबिलिटी शो में इस कार के डेब्यू के साथ शुरू हुई, जिसकी बुकिंग राशि 70,000 रुपए थी। कंपनी ने एक खास अर्ली बर्ड ऑफर की भी घोषणा की थी।

- बीवाईडी सीलियन 7 एसयूवी भारत में लांच की गई
- कार की कीमत 48.90 से 54.90 लाख के बीच
- अब तक मिल चुकी 1000 से अधिक बुकिंग



### इंटीरियर

नई बीवाईडी इलेक्ट्रिक एसयूवी में 15.6 इंच रोटेटेबल टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 10.25 इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ स्पोर्टी ऑल-ब्लैक केबिन थीम है। नप्पा लेदर अपहोल्स्ट्री, 4-वे लंबर सपोर्ट के साथ 8-वे पावर एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, 6-वे पावर एडजस्टेबल पैसेंजर सीट, वेंटिलेटेड सीट्स, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, एक पैनोरमिक ग्लास रूफ और 12-स्पीकर ऑडियो सिस्टम इसके प्रीमियम एक्सपीरियंस और अपील को और अधिक बढ़ाते हैं।

### सेफ्टी फीचर्स

बीवाईडी सिलयन भारत की पहली कार है जिसमें 11 एयरबैग दिए गए हैं। इसी लेवल 2 एडास सुइट के साथ आता है, जिसमें स्वचालित आपातकालीन ब्रेकिंग, लेन कीप असिस्ट, एडेप्टिव क्रूज कंट्रोल और बहुत कुछ जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। सुरक्षा किट में 360 डिग्री कैमरा, फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर, हिल होल्ड कंट्रोल, फ्रंट पैसेंजर और रियर सीटों में आइसोफिक्स चाइल्ड सीट माउंट और अन्य उन्नत सुविधाएं शामिल हैं।

### बैटरी, रेंज

बीवाईडी के नए ई-प्लेटफॉर्म 3.0 पर आधारित, सीलियन 7 82.56केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ आता है। सिंगल इलेक्ट्रिक मोटर और आरडब्ल्यूडी सेटअप वाला प्रीमियम वेरिएंट अधिकतम 308बीएचपी की पावर और 380एनएम का टॉर्क देता है। यह 567 किमी की दावा की गई रेंज का वादा करता है। परफॉर्मेंस ट्रिम में प्रत्येक एक्सल पर एक मोटर और एडब्ल्यूडी (ऑल-व्हील ड्राइव) सिस्टम है। यह वेरिएंट 523बीएचपी की अधिकतम पावर और 690 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। सीलियन 7 परफॉर्मेंस वेरिएंट एक बार चार्ज करने पर 542 किमी की दावा की गई रेंज देता है। यह महज 4.5 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है।

## एलआईसी ने एकल कार्मिक कार्यालय का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** एलआईसी ने आज अपनी सेल्स टीम को सशक्त बनाने और पॉलिसीधारकों को 24x7 डिजिटल माध्यम से निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों के रूप में अपने एजेंटों के माध्यम से एकल कार्मिक कार्यालय ऑनलाइन सेवा का अनावरण किया। एकल कार्मिक कार्यालय के माध्यम से एलआईसी का लक्ष्य अपने सेल्सफोर्स के लिए एक व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम प्रदान करना है, जिसमें एजेंट, विकास अधिकारी, वरिष्ठ व्यवसाय सहयोगी (एसबीए), मुख्य जीवन बीमा सलाहकार (सीएलआईए), एलआईसी सहयोगी और चीफ ऑर्गनाइजर शामिल हैं, जो उनके दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सहायता प्रदान करेगा उनकी दक्षता और उत्पादकता को मजबूत बनाएगा तथा हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देना सुनिश्चित करेगा। यह सेवा 17-02-2025 को आरंभ की गई है। भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी, श्री सिद्धार्थ महांति ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि यह जीवन बीमा को बढ़ावा देने और एलआईसी के ग्राहकों को कभी भी और कहीं भी सेवा प्रदान करने के लिए सेल्स फोर्स के हाथों में एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा।

## रुपया आठ पैसे टूटकर 86.96 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 86.96 पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा में गिरावट विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में तेजी के कारण आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर/रुपये जोड़ी के लिए नकारात्मक धारणा है क्योंकि विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं और भारतीय रिजर्व बैंक का समर्थन धीरे-धीरे कम हो रहा है।

# देश की 28 लाख में से 18 लाख कंपनियां ही सक्रिय

## कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पंजीकृत 28 लाख से अधिक कंपनियों में से केवल 65 प्रतिशत यानी 18 लाख से कुछ अधिक कंपनियां सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत कंपनियों में से केवल 5,216 विदेशी कंपनियां हैं और जनवरी अंत तक उनमें से 63 प्रतिशत यानी 3,281 इकाइयां सक्रिय थीं। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि पिछले महीने कुल 816.14 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी के साथ 16,781 कंपनियां पंजीकृत हुईं। मंत्रालय ने अपने मासिक सूचना बुलेटिन में कहा, 31 जनवरी, 2025 तक देश में कुल 28,05,354 कंपनियां पंजीकृत थीं। इनमें से 65 प्रतिशत (18,17,222) कंपनियां सक्रिय हैं। दिसंबर, 2024 की तुलना में पंजीकृत कंपनियों के मुकाबले सक्रिय कंपनियों के कुल अनुपात में 0.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।''रिपोर्ट के अनुसार, 9,49,934 कंपनियां बंद हो चुकी हैं। क्षेत्रों के संदर्भ में, सबसे ज्यादा 27 प्रतिशत कंपनियां व्यावसायिक सेवाओं में थीं। इसके बाद विनिर्माण (20 प्रतिशत), व्यापार और समुदाय, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाओं (13 प्रतिशत) का स्थान था। सबसे अधिक परिचालन वाली कंपनियां महाराष्ट्र में थीं। उसके बाद दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का स्थान था।

## दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था के 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमानः इक्रा

**नई दिल्ली (भाषा)।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने इसका कारण असमान उपभोग के बीच बढ़े हुए सरकारी खर्च को बताया है। अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रही, लेकिन आम चुनावों के कारण सरकार के पूंजीगत व्यय में कमी तथा कमजोर उपभोग मांग के कारण सितंबर तिमाही में यह धीमी होकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2024-25) की तीसरी तिमाही में भारत के आर्थिक प्रदर्शन को पूंजीगत और राजस्व व्यय पर कुल सरकारी खर्च (केंद्र और राज्य) में तेज बढ़ोतरी, सेवा निर्यात में उच्च वृद्धि, व्यापारिक निर्यात में सुधार, प्रमुख खरीफ फसलों के अच्छे उत्पादन आदि से लाभ हुआ, जिससे ग्रामीण धारणा को बल मिला। त्योहारी सीजन के दौरान कुछ उपभोक्ता-केंद्रित क्षेत्रों में तेजी देखी गई।

# एफआईआई की बिकवाली से शेयर बाजार फिर फिसला

एजेंसी ▸▸| मुंबई

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और कंपनियों की आय में नरमी से स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 29 अंक के नुकसान में रहा, जबकि निफ्टी में 14.20 की गिरावट आई। स्टॉक्स बॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक अमेया रणदिवे ने मंगलवार को कहा, ''सेंसेक्स और निफ्टी-50 हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण कंपनियों की आय में नरमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली है, जिससे बाजार धारणा प्रभावित हुई।'' सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनीलिवर, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक शामिल हैं। छोटे शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप 1.71 प्रतिशत नुकसान में रहा।

- सेंसेक्स 29 अंक नुकसान में
- निफ्टी में 14 अंक की गिरावट



## सोना 300 चढ़ा, चांदी में 800 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना मंगलवार को 300 रुपये की तेजी के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये की तेजी के साथ 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी की कीमत भी 800 रुपये की तेजी के साथ 99,000 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इसका पिछला बंद भाव 98,200 रुपये प्रति किलोग्राम था। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''शुल्क को लेकर वैश्विक अनिश्चितता के कारण सोने में सकारात्मक रुझान जारी रहा। बैंकों और कोषों द्वारा सुरक्षित-संपत्ति में उच्च आवंटन बनाए रखने के साथ, सोने को अच्छा समर्थन मिला है।''डोनाल्ड ट्रंप के भाषण जैसे प्रमुख कार्यक्रम, साथ ही फेडरल रिजर्व और रिजर्व बैंक की बैठक का ब्योरा आने वाले सत्रों में बाजार की अस्थिरता को बढ़ाएंगे।

## चितरंजन रेलइंजन कारखाना ने वित्त वर्ष 2024-25 में अबतक 581 इलेक्ट्रिक रेल इंजन का किया उत्पादन



**चित्तरंजन।** भारतीय रेलवे की अग्रणी लोकोमोटिव विनिर्माण इकाई चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ने अपने स्थापना वर्ष का 75 गौरवशाली वर्षों का उत्सव मनाते हुए आज 18.02.2025 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 581वां इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का ऐतिहासिक उत्पादन आँकड़ा का मुकाम हासिल किया, जो विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 580 लोकोमोटिव निर्माण के अब तक के उच्चतम उत्पादन आंकड़ा को पार कर गया है। चिरेका द्वारा यह उपलब्धि किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन आँकड़ा है और इसके इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चालू वित्तीय वर्ष में यह उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में 41 दिन पहले ही हासिल कर ली गई है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विजय कुमार,महाप्रबंधक/चिरेका के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इनके निरंतर प्रेरणा और प्रोत्साहन से चिरेका के कार्य कुशल कर्मचारियों द्वारा समर्पित प्रयास से संभव हो पाया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने चिरेका की पूरी टीम इस उपलब्धि के लिए को बधाई दी और उत्पादन की प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

## जियो ने स्मार्ट टीवी के लिए भारत का पहला ऑपरेटिंग सिस्टम पेश किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** रिलायंस जियो ने मंगलवार को स्मार्ट टीवी के लिए देश का पहला ऑपरेटिंग सिस्टम- जियोटेली ओएस पेश किया। जियोटेली स्मार्ट टीवी की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य टीवी ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) को सस्ती कीमतों पर बेहतर और आकर्षक अनुभव देने का अवसर प्रदान करना है। जियो ने कहा कि इसे इस तरह से तैयार किया गया है ताकि यह भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मनोरंजन का अनुभव पूरी तरह से बदल सके और बेहतर बना सके। जियोटेली ओएस से चलने वाले स्मार्ट टीवी सेट 21 फरवरी, 2025 से बाजार में उपलब्ध होंगे। ये टीवी थॉमसन, कोडक, बीपीएल और जेवीसी जैसे प्रमुख ब्रांड्स के साथ पेश हो रहे हैं।

## भारतीय रेल इस पृथ्वी पर सबसे भव्य आध्यात्मिक समागम के आयोजन में अपनी सफल एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है महाकुंभ 2025

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में अब तक 63 करोड़ पवित्र स्नान कर चुर्ण है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन गया है। प्रतिदिन लाखों भक्तों के आने के साथ भारतीय रेलवे तीर्थयात्रियों के सुगम एवं निर्माच आवागमन को बेहतर प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल द्वानां महाकुंभ क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर पिछले 03 वर्षों में विभिन्न यात्री सुविधाओं के उन्नयन हेतु ₹5,000 करोड़ की लागत बड़े पैमाने पर लॉजिस्टिक प्रयास किया गया है ताकि सभी यात्रियों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। इसमें रेलवे स्टेशनों का जत्तयन, 13,000 से अधिक ट्रेनें बलाने की योजना और उन्नत नौढ़ प्रबंधन प्रणाली शामिल है। भारतीय रेलवे इस भाय आध्यात्मिक आयोजन को किस तरह से सुविधाजनक बना रहा है।

## इंडियनऑयल ने इनडोर सोलर कुकिंग सिस्टम के लिए कॉर्पोरेट भागीदारी को उत्प्रेरित करने पर कार्यशाला का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** इंडियनऑयल ने फिनोविस्टा के सहयोग से नई दिल्ली में ₹इंडोर सोलर कुकिंग सिस्टम के लिए कैटालाइजिंग कॉर्पोरेट पार्टनरशिप₹ पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला सरकारी योजनाओं, कॉर्पोरेट फाउंडेशनों और समाज की पहल के साथ एकीकृत करके इनडोर सौर खाना पकाने के उपकरण सूर्य नूतन तक पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित थी। सूर्य नूतन, इंडियनऑयल द्वारा विकसित एक अभिनव हाइब्रिड इनडोर सौर खाना पकाने का उपकरण है। इस उपकरण को भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 के दौरान राष्ट्र के सामने पेश किया गया था। इस प्रणाली को खाना पकाने की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य भारत में स्वच्छ खाना पकाने की प्रथा को बढ़ावा देने के लिए लंबे समय तक चलने वाला, कम रखरखाव और टिकाऊ समाधान प्रदान करना है। इस कार्यशाला में भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के वरिष्ठ निदेशक/वैज्ञानिक-एफ श्री जे के जेठानी;द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) की महानिदेशक डॉ. विभा धवन; ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के सचिव श्री मिलिंद देवरे; क्लाइमेट पार्लियामेंट के मुख्य नीति सलाहकार और भारत के पूर्व वन महानिदेशक, नवीकरणीय ऊर्जा और वन संरक्षण डॉ. संजय कुमार, डॉ. उमिश श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक (एई&आईओटीडीडी), अनुसंधान एवं विकास, इंडियनऑयल और श्री संदीप शर्मा, कार्यकारी निदेशक (विपणन रणनीति), इंडियन ऑयल ने भाग लिया।

## अडानी फाउंडेशन ने पूरे भारत में शिक्षा मंदिर खोलने का संकल्प लिया

**अहमदाबाद।** अदानी फाउंडेशन ने देश भर में शिक्षा के मंदिर स्थापित करने के लिए निजी **K**-12 शिक्षा में वैश्विक अग्रणी **GEMS** एजुकेशन के साथ सहयोग किया है। अदानी परिवार की ओर से 2,000 करोड़ रुपये के शुरुआती दान के साथ, यह साझेदारी समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए विश्व स्तरीय शिक्षा और सीखने के बुनियादी ढांचे को किफायती बनाने को प्राथमिकता देगी। फाउंडेशन अदाणी समूह की सीएसआर शाखा है - जो भारत का सबसे बड़ा बुनियादी ढांचा पोर्टफोलियो है। चेयरमैन गौतम अदाणी के सामाजिक दर्शन सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है के अनुरूप, यह साझेदारी नवाचार और क्षमता विकास द्वारा समर्थित शिक्षण दक्षताओं को विकसित करने पर केंद्रित सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के अनुसंधान संस्थानों को भी जन्म देगी। पहला 'अदाणी अदानी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में लखनऊ में खुलेगा। अगले तीन वर्षों में, **K**-12 सेगमेंट में कम से कम 20 ऐसे स्कूल भारत के प्राथमिक महानगरीय शहरों में और बाद में टियर **II** से **IV** शहरों में भी शुरू किए जाएंगे। इन स्कूलों में, वंचित और योग्य बच्चों के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम में 30% सीटें निःशुल्क होंगी। अडानी समूह की अखिल भारतीय उपस्थिति और व्यापक अवसंरचना क्षमताओं और जीईएमएस की शैक्षिक विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, साझेदारी भारत भर के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एक स्केलेबल, किफायती और टिकाऊ मॉडल विकसित करने की योजना बना रही है। अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा, ₹यह पहल विश्व स्तरीय शिक्षा को किफायती और व्यापक रूप से सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।₹ ₹जीईएमएस एजुकेशन के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और अभिनव डिजिटल शिक्षा को अपनाकर, हमारा लक्ष्य परिवर्तन करने वालों की अगली पीढ़ी को भारत में सामाजिक रूप से जिम्मेदार नेता बनने के लिए तैयार करना है।



## बीएचईएल ने ईईपीसी इंडिया क्वालिटी पुरस्कार 2024 जीता




**नई दिल्ली।**भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को पीएसयू श्रेणी में व्यावसायिक उत्कृष्टता और कड़े गुणवत्ता मानकों के प्रति समर्पण के लिए 'ईईपीसी इंडिया क्वालिटी अवार्ड्स 2024' के चौथे संस्करण में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की बीएचईएल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कंपनी की गुणवत्ता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कंपनी-व्यापी पहलों जैसे व्यावसायिक उत्कृष्टता, 5एस, क्वालिटी सर्कल, डिजिटलीकरण आदि से संचालित है। यह पुरस्कार सुश्री बानी वर्मा, निदेशक (औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद) और निदेशक (ई, आर एंड डी) - अतिरिक्त प्रभार, ने माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद से आज यहां प्राप्त किया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शेख कलाम हुसैन, पुत्रः अब्दुल मलिक, पताः जी–240, धोबी घाट, जहांगीर पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 477/21, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शेख कलाम हुसैन** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **शेख कलाम हुसैन** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **शेख कलाम हुसैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा,
एसीजेएम, उत्तर,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1950/NW/2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अतुल कुमार उर्फ बबलू, पुत्र :** श्री रमेश चन्द, **पताः** मकान नं. बी–52, चंदर विहार, विकास विहार, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 1020/2020 U/S 33/38 Delhi Ex. Act, थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अतुल कुमार उर्फ बबलू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अतुल कुमार उर्फ बबलू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 1020/2020 U/S 33/38 Delhi Ex. Act, थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अतुल कुमार उर्फ बबलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1880/OD/2025
(Court Matter)


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


### सूचना


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## पंजाब एण्ड सिंध बैंक को एमएसएमई के लिए जागरूकता पैदा करने हेतु विनर अवार्ड से सम्मानित किया गया




पंजाब एण्ड सिंध बैंक, देश के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को "सीआईएमएसएमई" द्वारा एमएसएमई के लिए जागरूकता पैदा करने हेतु विनर अवार्ड तथा शासकीय योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए रनर-अप अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी द्वारा प्रदान किया गया।

## शब्द पहेली - 5783



मंगल सैनाचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5782 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5793

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5792 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: दुबई में इन भारतीय गेंदबाजों ने चटकाए हैं सर्वाधिक विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होना है। इस बार ये टूर्नामेंट मेजबान पाकिस्तान और दुबई में खेला जाना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलेगी। बता दें कि आगामी संस्करण में भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगी। इस मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।



### कुलदीप यादव (10 विकेट)

कुलदीप यादव दुबई में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय हैं। क्रिकइंफो के अनुसार, कुलदीप ने इस मैदान पर 6 वनडे मैचों में 23.70 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 4.08 की रही है। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45 रन देकर 3 विकेट लेना रहा है। कुल मिलाकर वनडे क्रिकेट में कुलदीप ने 108 मैचों में 26.22 की औसत से 174 विकेट लिए हैं।

### जसप्रीत बुमराह (8 विकेट)

जसप्रीत बुमराह इस बार चैंपियंस ट्रॉफी की टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह चोट के चलते इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। वह दुबई के मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने दुबई में 4 मैचों में 16 की औसत से 8 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/37 रहा है। कुल मिलाकर उन्होंने अपने वनडे करियर में 23.55 की औसत से 149 विकेट लिए हैं।



### रविंद्र जडेजा (7 विकेट)

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविंद्र जडेजा का रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने यहां 4 मैचों में 22.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू वनडे सीरीज में अच्छी लय में दिखे थे और अपनी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 25.18 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए थे।

### इन भारतीय गेंदबाजों ने लिए हैं 6-6 विकेट

युजवेंद्र चहल ने दुबई में 5 पारियों में 32.83 की औसत और 4.47 की इकॉनमी रेट के साथ 6 विकेट लिए हैं। पूर्व भारतीय खिलाड़ी केदार जाधव ने 5 पारियों में 23.16 की औसत और 3.97 की इकॉनमी रेट के साथ 6 ही विकेट लिए थे। भारतीय टीम से फिलहाल बाहर चल रहे भुवनेश्वर कुमार ने दुबई में 5 पारियों में 29.33 की औसत के साथ 6 विकेट लिए थे।

## खबर संक्षेप



### भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी : धवन

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि भारत को चैंपियन्स ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी लेकिन टीम के हालिया फॉर्म और कई मैच विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके पास टूर्नामेंट जीतने का शानदार मौका है। धवन ने आईसीसी के कॉलम में लिखा, ''मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। मेरे हिसाब से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव के हैं। इस तरह की बड़ी आईसीसी प्रतियोगिताओं में यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि धवन ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभमन गिल और हर्षित राणा का समर्थन किया।

### पारिवारिक कारणों से द. अफ्रीका लौटे गेंदबाजी कोच मोर्कल



**दुबई।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए। मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले शुरूआती अभ्यास सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे ।भारत को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर है जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प हैं।

### नामधारी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचा रियल कश्मीर



**श्रीनगर।** ब्राजील के स्ट्राइकर पाउलो सीजर के सातवें मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल के दम पर रियल कश्मीर ने घरेलू मैदान पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखते हुए मंगलवार को यहां नामधारी एफसी को 1–0 से हराकर आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। रियल कश्मीर की पिछले सात मैच में यह पांचवीं जीत है जिससे वह खिताब की दौड़ में शामिल हो गया है। चर्चिल ब्रदर्स 28 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर काबिज है। रियल कश्मीर वर्तमान सत्र में एकमात्र टीम है जिसने अभी तक अपना कोई घरेलू मैच नहीं गंवाया है। उसने अपने घरेलू मैदान पर छह मैच जीते हैं जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे। उसके अब 15 मैच में 26 अंक हो गए हैं और वह नामधारी की जगह दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

## कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच दोपहर 2:30 बजे से

# पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत से आज होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज बुधवार 19 फरवरी को होगा। हाल ही में सम्पन्न हुई त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया था। ऐसे में कीवी टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी।

दूसरी तरफ पाकिस्तानी टीम अपने घर पर इस आईसीसी टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला यह मैच 19 फरवरी को कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान ने जीते हैं ज्यादा वनडे मैच

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे 1973 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 118 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से कीवी टीम ने 53 मैच जीते हैं और उसे 61 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा है और 3 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।पाकिस्तान ने अपने घर पर खेलते हुए न्यूजीलैंड को 22 मैच में हराया है और सिर्फ 8 मुकाबलों में कीवी टीम को जीत मिली है।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

विलियमसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने 6 मैचों में 69.00 की औसत से 345 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 पारियों में 56.08 की औसत से 1,290 रन बनाए हैं। फखर ने चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 63.00 की औसत से 252 रन बनाए हैं। शाहीन ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 11 वनडे में 22.87 की औसत से 24 विकेट लिए हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान की टीम त्रिकोणीय वनडे सीरीज में फखर जमान और बाबर आजम की सलामी जोड़ी के साथ उतरी थी और सम्भवतः यही जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी।दूसरी तरफ मेजबान टीम अबरार अहमद के रूप में इकलौते विशेषज्ञ स्पिनर के साथ मैदान पर उतर सकती है।

**संभावित एकादश:** फखर जमान, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर/कप्तान), सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और अबरार अहमद।

### न्यूजीलैंड की टीम

न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। अच्छी फॉर्म में चल रहे कॉनवे न्यूजीलैंड से पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

**संभावित एकादश:** रचिन रविंद्र , डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और विलियम ओरूके।

## तैयारी

# 90 मीटर के स्तर तक पहुंचने कर रहा हूं कड़ी मेहतन : नीरज चोपड़ा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक में गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया। चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी लेकिन धीरे-धीरे उन्हें प्यार हो गया।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे

चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। चोपड़ा ने कहा, ''मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होंने (यान जेलेजनी) मेरे खेल में कुछ तकनीकी समायोजन किए हैं।''

### बदलावों से मैं और बेहतर हो जाऊंगा

उन्होंने कहा, ''उन्हें लगता है कि उनके बदलाव से मुझे मदद मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था।'' चोपड़ा ने कहा, ''अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत बेहतर हो जाऊंगा।'' पानीपत के इस खिलाड़ी ने हालांकि जोर देते हुए कहा कि देश के लिए पदक जीतना महत्वपूर्ण है। चोपड़ा ने कहा, ''मैं ऐसा करना चाहूंगा।

## टेनिस

# अजारेंका दुबई ओपन के दूसरे दौर में, अनिसिमोवा हारी




एजेंसी ▶▶| दुबई

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने एक सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अन्हेलिना कालिनिना को 2-6, 7-6, 6-4 से हराकरदुबई टेनिस चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पैंतीस वर्ष की अजारेंका दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने अगले पांच अंक लगातार लेकर दूसरा सेट जीता। अब वह दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से खेलेंगी जिन्हें दूसरे दौर में बाय मिला है।

### इन खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वहीं दो दिन पहले दोहा में कतर ओपन खिताब जीतने वाली अमांडा अनिसिमोवा पहले दौर में अमेरिका की ही मैकार्टनी केसलेर से 2-6, 3-6 से हार गई। 11वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर ने मैगडालीना फ्रेच को 6-2, 6-2 से हराया। 12वीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने एलिना एवानेसियान को 6-2, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना 2023 विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंड्रोउसोवा से होगा। दसवीं रैंकिंग वाली डारिया कासात्किना को सोराना क्रिस्टी ने 6-1, 6-4 से हराया। 13वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद माइया को अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। पूर्व विम्लबडन चैम्पियन ओंस जबाउर को अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स ने 7-6, 6-4 से हराया।

### सिलिच को हराकर अल्काराज कतर ओपन के अंतिम 16 में



**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशिया के अनुभवी मारिन सिलिच को 6-4, 6-4 से हराकर कतर ओपन टेनिस के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। अमेरिकी ओपन 2014 चैम्पियन 36 वर्ष के सिलिच घुटने की चोट से उबरने के बाद इस सत्र का पहला मैच खेल रहे थे। विश्व रैंकिंग में भी वह 192वें स्थान पर खिसक गए हैं। अब अल्काराज का सामना चीन के झांग झिजेन या इटली के लूका नार्डी से होगा। इससे पहले सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-2, 7-6 से मात दी और अब वह आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से खेलेंगे।

# फर्ग्यूसन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, काइल को मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। फर्ग्यूसन को रविवार को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। प्रारंभिक चिकित्सा जांच से पता चला है कि वह टूर्नामेंट के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे। यह कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि फर्ग्यूसन उनकी गेंदबाजी इकाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### काइल जैमीसन टीम में शामिल

तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को टीम में फर्ग्यूसन की जगह चुना गया है। वह 18 फरवरी को पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। जैमीसन पीठ में चोट के कारण 10 महीने के ब्रेक के बाद घरेलू क्रिकेट में लौटे हैं। उनके प्रदर्शन ने उनकी घरेलू टीम कैंटरबरी किंग्स को पिछले दिसंबर में ड्रीम11 सुपर स्मैश टूर्नामेंट के ग्रैंड फ़ाइनल तक पहुँचने में मदद की थी।

# मैरी कॉम बोलीं- मैने इस्तीफा नहीं दिया है, कार्यकाल पूरा करूंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष और महान मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने मंगलवार को इन खबरों का खंडन किया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि उनकी बात को गलत समझा गया और वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगी।

लंदन ओलंपिक 2012 कांस्य पदक विजेता मणिपुर की 42 वर्ष की इस मुक्केबाज ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में हलद्वानी में एक 'खराब होटल' में ठहराये जाने पर नाराजगी जताई थी। मैरी कॉम ने कहा



कि उनकी नाराजगी को इस्तीफा मान लिया गया। उन्होंने कहा ,'' मैने इस्तीफा नहीं दिया है । मैं अपना कार्यकाल (2026 के अंत तक) पूरा करूंगी। मैं कुछ कह रही थी, समझा गया कुछ और उन्होंने कहा मैं अपने साथी सदस्यों (खिलाड़ियों के आयोग में) से इतना ही कह रही थी कि आगे से ऐसा हुआ तो मैं इस्तीफा दे सकती हूं । मैने यह कभी नहीं कहा कि मैं इस्तीफा दे रही हूं। आईओए मेरा परिवार है और अगर मैं किसी बात को लेकर नाराज हूं तो मुझे उसे व्यक्त करने का पूरा अधिकार है।'' मैरी कॉम को 2022 में पैनल में चुना गया था जिसमें टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल उपाध्यक्ष हैं।

## प्लेयर्स के परिवारों के लिए बनाए नियमों में बीसीसीआई ने दी थोड़ी ढील

# चैंपियंस ट्रॉफी में साथ ले जा सकते हैं परिवार, मगर कुछ शर्तों के साथ!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ रहने की छूट दे दी है, लेकिन यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ है। अब खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को दुबई बुला सकते हैं।

यह बदलाव पिछले महीने की सख्त पाबंदियों के बाद किया गया है। हालांकि, यह अनुमति कुछ खास शर्तों के साथ दी गई है, ताकि खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल सके, लेकिन उनके पेशेवर दायित्वों में कोई खलल न हो। इस फैसले से खिलाड़ियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन बीसीसीआई ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रतियोगिता के दौरान उनका ध्यान पूरी तरह से खेल पर केंद्रित रहे।



### पहले क्या था नियम और अब क्या है

बीसीसीआई ने पहले ऐलान किया था कि परिवार के सदस्य पूरे दौरे के दौरान खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकते। केवल 45 दिनों से लंबी सीरीज के दौरान परिवार के किसी एक सदस्य को दो सप्ताह तक खिलाड़ियों के पास रहने की अनुमति दी जा सकती थी। अब बीसीसीआई ने फैसला किया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को एक मैच के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य को दुबई बुलाने की अनुमति होगी। यह फैसला खासकर इस टूर्नामेंट के छोटे होने की वजह से लिया गया है।

### टीम प्रबंधन को सौंपना होगी लिस्ट

टीम प्रबंधन के एक वरिष्ठ सदस्य के अनुसार, अब खिलाड़ियों को यह अधिकार होगा कि वे खुद तय कर सकें कि किस मैच के दौरान वे अपने परिवार के सदस्य को अपने पास बुलाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें टीम प्रबंधन को एक लिस्ट सौंपनी होगी, जिसमें यह बताया जाएगा कि कौन सा खिलाड़ी किस मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को साथ लाना चाहता है।

### खिलाड़ियों को सीमित समय के लिए मिलेगी राहत

इस नियम में राहत देते हुए बीसीसीआई ने यह स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल एक मैच के लिए होगी। इस फैसले का कारण यह है कि खिलाड़ियों को अपनी व्यस्तता के बावजूद थोड़ा परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिले, ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रह सकें।

**पाकिस्तान से मैच में पहुंचेंगे परिजन :** अगर एक मैच की बात है, तो यहाँ साफ़ तौर पर कहा जा सकता है कि वह मुकाबला 23 मार्च, यानी रविवार को होने वाला भारत-पाक मैच होगा। इस मैच को ही टूर्नामेंट का सबसे तीव्र मुकाबला माना जा सकता है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को खेला जाना है। इस मैच में पैरेंट्स और पत्नियों के जाने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

वायु सेना प्रमुख की फटकार पर बोले एचएएल चीफ

# 2027 तक दे देंगे 30 तेजस लड़ाकू विमान, जल्द से जल्द करेंगे डिलीवरी
# तीसरे प्लांट में काम शुरू हो गया, मार्च में देंगे पहला जेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने तेजस फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी पर नाराजगी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की लेटलतीफी से वायु सेना की क्षमता प्रभावित हो रही है। वायु सेना प्रमुख की इस नाराजगी पर अब एचएएल के चेयरमैन डीके सुनील ने कहा कि वायु सेना को जल्दी से जल्दी तेजस फाइटर जेट्स की डिलीवरी शुरू की जाएगी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि एचएएल तेजस विमानों की सप्लाई बढ़ाने के लिए नासिक वाले तीसरे प्लांट में काम शुरू हो चुका है। एचएएल चेयरमैन ने कहा कि इंजन एक बड़ी बाधा थी, लेकिन अब तकनीकी समस्याएं हल हो गई हैं और जीई (जनरल इलेक्ट्रिक) पहला इंजन तैयार कर रहा है। मार्च में वे हमें दे देंगे। जीई इस साल कुल 12 इंजन दे देगी।






### उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर 500 करोड़ रुपए का निवेश किया

तीसरी प्रॉडक्शन लाइन के लिए और 500 करोड़ मंजूर

अमेरिकी कंपनी से इंजन नहीं मिलने से आई समस्या

नासिक का प्लांट शुरू हो चुका है

*एचएएल चेयरमैन ने कहा कि हमारा ध्यान उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर है। हमने 500 करोड़ रुपए निवेश किए हैं और तीसरी प्रॉडक्शन लाइन के लिए 500 करोड़ रुपए और मंजूर किए हैं। हमने निजी कंपनियों को भी आदेश दिए हैं कि वे हमें तैयार फ्यूजलाज उपलब्ध कराएं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में उत्पादन बढ़ेगा। मेरी उम्मीद है कि 2027 तक 30 विमान तैयार हो जाएंगे। नासिक का प्लांट शुरू हो चुका है और पहला विमान मार्च में तैयार हो जाना चाहिए।*

### प्राइवेट सेक्टर को भी शामिल कर रहे

उन्होंने बताया कि तेजस की सप्लाई में तेजी लाने के लिए उत्पादन में प्राइवेट सेक्टर को भी शामिल किया जा रहा है। हमने वेम टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, टाटा जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों को तैयार फ्यूजलॉज बनाने के ऑर्डर दिए हैं। यह काम अभी चल रहा है। उन्होंने कुछ सामान दिया है, लेकिन हमें इसे पूरा करना है। डायनेमिक्स ने अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि इसलिए, हमारे पास निजी क्षेत्र में अतिरिक्त क्षमता भी है। मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में यह बढ़ेगी। फिर हमारे पास 24 से ज्यादा की क्षमता होगी और जैसे-जैसे निजी क्षेत्र भी आगे बढ़ेगा, मेरी उम्मीद है कि 2027 तक यह संख्या 30 तक पहुंच जाएगी। नासिक प्लांट पहले ही शुरू हो चुका है और पहला विमान उपकरण लगाने के चरण में है। मुझे उम्मीद है कि मार्च में पहला विमान तैयार हो जाएगा।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान

दरअसल, मोदी सरकार सैन्य साजो-सामान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के मिशन में है। इसी के तहत वायु सेना को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है। तेजस मार्क1 हल्का युद्धक विमान ही है। अभी वायु सेना के पास दो एलसीए तेजस मार्क1 की स्क्वाड्रन हैं, जिन्हें तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर तैनात किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना को मार्क 1ए के कुल 83 विमानों की मंजूरी दी है। लक्ष्य है कि 220 एलसीए विमानों से वायुसेना के मिग 21, मिग 29 और मिराज विमानों को रिप्लेस किया जाए। सरकार एलसीए के मार्क 2 वर्जन यानी मीडियम वेट फाइटर एयरक्राफ्ट बनाने की भी मंजूरी दे चुकी है।


## खबर संक्षेप

### शहजादी को दुबई में अभी नहीं होगी फांसी



**नई दिल्ली।** यूपी के बांदा की रहने वाली शहजादी को फिलहाल फांसी नहीं होगी। यूएई अधिकारियों ने भारतीय दूतावास को सूचित किया है। शहजादी पर एक बच्चे की मौत का आरोप है। उसकी देखभाल में बच्चे की जान गई थी। उसकी पुनर्विचार याचिका पर विचार चल रहा है। विदेश मंत्रालय घटना पर नजर रखे हुए है।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी



**उधमपुर।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जवान जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकरी इलाके में तैनात 'सड़क खोलने वाले दल' का हिस्सा था।

### आरोपी मिशेल को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में 6 साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में तीन नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा की

# नागरिकों के अधिकारों की रक्षा पुलिस की प्राथमिकता, तेजी से चार्जशीट दाखिल करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अबदुल्ला के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए तीन नए पीड़ित-केंद्रित आपराधिक कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में तकनीक का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने जम्मू और कश्मीर में अप्रैल, 2025 तक तीनों कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए पुलिसकर्मियों और प्रशासन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना और नागरिकों में इनके बारे में जागरूकता पैदा करना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर नियंत्रण में आई गति और सुरक्षा हालातों में सुधार के बाद, अब वहां के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना जम्मू और कश्मीर पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में जम्मू और कश्मीर में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, महानिदेशक, बीपीआरएण्डडी और महानिदेशक, एनसीआरबी सहित गृह मंत्रालय और जम्मू और कश्मीर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

» शाह ने कहा कि नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए पुलिसकर्मियों और प्रशासन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना और नागरिकों में इनके बारे में जागरूकता पैदा करना बहुत ज़रूरी है। नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

**अप्रैल तक तीनों कानूनों का कार्यान्वयन हो**

**जांच अधिकारियों का जल्दी से प्रशिक्षण करवाएं**




### पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें

शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर में ट्रायल इन अब्सेंटिया के प्रावधान को त्वरित रूप से इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। चार्जशीट दाखिल करने के काम में तेज़ी लाए। पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी को तय करने की ज़रूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर के हर पुलिस स्टेशन को नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एनएएफआईएस) के अधिकतम उपयोग को व्यवहार में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारियों का नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में शत-प्रतिशत प्रशिक्षण जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए।

### प्रावधानों का गलत इस्तेमाल न हो


केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से संबंधित प्रावधानों का पुलिस अधीक्षक के स्तर पर पूर्ण विवेचन के उपरांत ही निर्णय करना चाहिए। इन प्रावधानों का गलत इस्तेमाल न हो, इसके लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है। शाह ने कहा कि जम्मू और कश्मीर प्रशासन और सरकार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद नए कानूनों के कार्यान्वयन की दिशा में संतोषजनक काम किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के स्तर पर मासिक, पाक्षिक और साप्ताहिक रूप से होनी चाहिए।

### सुरक्षा बलों ने दो आईईडी निष्क्रिए किए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के शोपियां व पुलवामा जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने दो इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना के एक संयुक्त गश्ती दल ने शोपियां के जैनापोरा इलाके में चित्रगाम के लिंक रोड पर आतंकवादियों द्वारा रखा गया संदिग्ध प्रेशर कुकर आईईडी देखा। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने पुलवामा के त्राल इलाके के पिंगलिश में सड़क किनारे एक प्रेशर कुकर में रखे गए संदिग्ध आईईडी का भी पता लगाया। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर विस्फोटक को निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि आईईडी का समय पर पता लगाने से क्षेत्र में नागरिकों या सुरक्षा बलों को किसी भी संभावित नुकसान से बचा लिया गया।

युद्धविराम की कोशिशें जारी

# रूस बोला- जेलेंस्की के साथ बात करने को पुतिन हैं तैयार



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की सरकार ने एक बड़ा बयान जारी करते हुए कहा है कि अगर जरूरी है तो राष्ट्रपति पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। रूस की तरफ से यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की कोशिश हो रही है और इसे लेकर सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की यूक्रेन युद्ध को लेकर बैठक हुई है। मंगलवार को रूस के शीर्ष अधिकारी सऊदी अरब पहुंचे। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात की। अमेरिका-रूस के अधिकारी यूक्रेन में शांति और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर वार्ता के लिए उच्च स्तरीय दल बनाने पर सहमत हो गए हैं।

### वार्ता के नतीजे स्वीकार्य नहीं

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनका देश युद्ध समाप्त करने के लिए इस सप्ताह अमेरिका-रूस वार्ता में भाग नहीं लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यूक्रेन इस वार्ता में भाग नहीं लेगा इसलिए वह वार्ता के नतीजों को भी स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका के मुताबिक वार्ता यह जानने के लिए पहला कदम है कि क्या रूस युद्ध समाप्त करने के लिए 'गंभीर' है, जबकि रूस का कहना है कि इसका लक्ष्य अमेरिका के साथ संबंधों को सामान्य बनाना है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की बात कही थी। ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका द्वारा कीव को अरबों डॉलर की सैन्य मदद देने के फैसले की भी आलोचना की।

### » यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखें: स्कोल्ज

जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कहा कि यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन पर कोई तानाशाही शांति नहीं थोपी जा सकती। यूक्रेन को यह भरोसा होना चाहिए कि यूरोप उसके साथ खड़ा है और उसकी मदद करता रहेगा। स्कोल्ज ने यह बयान एक आपातकालीन बैठक के बाद दिया, जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने बुलाया था। यह बैठक रूस और अमेरिका के बीच होने वाली वार्ता से पहले हुई, जिसमें यूरोपीय देशों ने अपनी रणनीति पर चर्चा की। स्कोल्ज ने कहा कि यूक्रेन किसी भी ऐसी शांति को स्वीकार नहीं कर सकता जो जबरदस्ती थोपी जाए।

अमेरिका में ट्रंप और मस्क का विरोध तेज

# सड़कों पर उतरे हजारों लोग, लगाए 'नो किंग ऑन प्रेसिडेंट डे' के नारे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क का विरोध तेज हो गया है। सोमवार को कड़ाके की ठंड के बीच अमेरिका में जगह लोगों ने ट्रंप और उनकी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किए। लोगों ने नो किंग ऑन प्रेसिडेंट डे के नारे लगाए। इस दौरान ट्रंप के आव्रजन प्रवर्तन वाले विधेयक के विरोध में लोगों ने एरिजोना स्टेट हाउस में घुसने की कोशिश की। एरिजोना, फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया के अलावा बोस्टन में भी लोग सड़क पर उतरे। यहां करीब एक हजार लोगों ने स्टेटहाउस से सिटी हॉल तक बर्फ में मार्च किया। उन्होंने एलन मस्क को जाना होगा के नारे लगाए।



### मस्क की पहुंच में होगा संवेदनशील डाटा

एलन मस्क के नेतृत्व विभाग वाले सरकारी दक्षता विभाग को अमेरिका के करदाताओं के संवेदनशील डाटा तक पहुंच मिल सकती है। विभाग ने इंटीग्रेटेड डाटा रिट्रीवल सिस्टम तक पहुंच देने की मांग की है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता हैरिसन फील्ड्स ने संकेत दिए कि दक्षता विभाग को आईआरएस डाटा तक पहुंच दी जा सकती है। अगर मंजूरी मिल जाती है तो दक्षता विभाग के कर्मचारियों को उन लाखों फाइल्स तक पहुंच मिल जाएंगी, जिन्हें आमतौर पर गुप्त रखा जाता है। इसमें करदाताओं के बैंक रिकॉर्ड और अन्य संवेदनशील दस्तावेज शामिल हैं। वहीं, ट्रंप प्रशासन ने संघीय नागरिक उड्डयन प्रशासन (एफएए) में छंटनी शुरू कर दी है। यह छंटनी ऐसे वक्त हुई है, जब एफएए पहले से ही स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला

# राहत सामग्री के ट्रकों पर की गोलाबारी पाक के 4 सैनिकों की मौत, पांच घायल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना की राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों पर पहले हुए हमले में चार सैनिकों की मौत हो गई। आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया और इस दौरान हुई गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के चार जवान मारे गए। पांच अन्य घायल हैं। यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में हुआ। अधिकारियों ने बताया कि



घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां एक घायल की हालत नाजुक है। बताया कि आतंकवादियों ने सोमवार देर रात को लोअर कुर्रम के ओचित क्षेत्र में अर्धसैनिक बल कुर्रम मिलिशिया दस्ते पर घात लगाकर हमला किया। फिलहाल किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

हिज्बुल्ला के साथ युद्ध विराम समझौता का किया पालन

# इजराइल ने लेबनानी गांवों से वापस बुलाई सेना, 5 स्थानों पर कब्जा रखा

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइल की सेना दक्षिणी लेबनान के गांवों से हट गई है, लेकिन पांच स्थानों पर अब भी मौजूद है। हिज्बुल्ला के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत सेना वापसी की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। इजराइल ने लेबनान से सेना की पूरी वापसी को 18 फरवरी तक के लिए टाल दिया था। इजराइल ने वापसी की समय सीमा से कुछ घंटे पहले घोषणा की थी कि वह सीमा के पास 'पांच रणनीतिक बिंदुओं' पर सैनिकों को रखेगा। मंगलवार को उसके रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने तैनाती की पुष्टि की और हिज्बुल्ला द्वारा किसी भी 'उल्लंघन' का जवाब देने की बात कही। लेबनान ने बताया कि 'इजराइली सेना पांच बिंदुओं को छोड़कर सभी सीमावर्ती गांवों से हट गई है।'



### लेबनान ने विस्फोटकों की जांच की

लेबनान की सेना ने पहले इलाके की जांच की और फिर सड़कों पर इजराइली सैनिकों द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाया। लोगों को अपने-अपने घर जाने की इजाजत नहीं दी गई थी क्योंकि लेबनान की सेना इलाके में विस्फोटकों की जांच कर रही थी। इजराइली सेना ने भी ड्रोन के जरिए हालात पर निगरानी रखी। इजराइली सेना ने पांच रणनीतिक तौर पर अहम पोस्ट खाली नहीं किए हैं। इजराइल का कहना है कि वे इन पोस्ट से निगरानी जारी रखेंगे।

बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व पीएम शेख हसीना का यूनुस को पैगाम

# इंशाअल्लाह लौटूंगी और आतंकवादियों की सरकार खत्म कर दूंगी

*छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को 'आतंकवादी' करार दिया है। साथ ही उन्होंने मुल्क में हुई पुलिसकर्मियों की हत्या का बदला लेने की भी कसम खाई है। बीते साल जून-अगस्त में हुए प्रदर्शनों के दौरान 800 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी मारे गए थे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, हसीना ने हाल ही में जूम लिंक के जरिए 5 विधवाओं और उनके बच्चों से बात की थी। मीटिंग को आवामी लीग के अध्यक्ष नजरुल इस्लाम की तरफ से आयोजित किया गया था।

1. जूम के जरिए 5 विधवाओं और उनके बच्चों से बात की थी
2. भागी इसलिए ताकि एक बार फिर देश की सेवा कर सकूं



### यूनुस को सरकार चलाने का अनुभव नहीं

पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा कि यूनुस के पास सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। उन्होंने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया है और लोगों को मारने के लिए आतंकवादियों को आजाद कर दिया है। वे बांग्लादेश को तबाह कर रहे हैं। हम आतंकवादियों की इस सरकार को बाहर कर देंगे। इंशाअल्लाह।' उन्होंने कहा कि मैं लौटूंगी और हमारे पुलिसकर्मियों की मौत का बदला लूंगी। बता दें, हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया गया था।

### मेरा वादा है पुलिसकर्मियों की मौत का बदला लूंगी

हसीना ने कहा कि यूनुस ने अपनी अंतरिम सरकार में एक तथाकथित छात्र नेता को शामिल किया है, जो कहते हैं कि पुलिसवालों को मारे बगैर आंदोलन नहीं हो सकता। छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या हुई लेकिन यूनुस चुप रहे और अराजकता को पनपने दिया। इस अराजकता को हमें खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2024 को वह भीड़ के चंगुल से भागकर आई हैं, ताकि एक बार फिर बांग्लादेश की जनता की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि मैं आपसे सभी से अनुरोध करती हूं कि शांत रहें और एकजुट रहे। मैं वापस लौटूंगी और हमारे शहीदों का बदला लूंगी।

# टोरंटो में यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त,सभी सेफ




**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में बड़ा विमान हादसा हुआ जब मिनियापोलिस से आ रही डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे पर संतुलन खो बैठी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में विमान में सवार सभी 80 यात्री सुरक्षित बच गए हालांकि 18 लोग घायल हो गए। हादसे के दौरान विमान तेज हवा (61 किमी/घंटा) के कारण असंतुलित हो गया और लैंडिंग के तुरंत बाद उसका एक पंख टूट गया। चालक दल के सदस्यों ने सतर्कता दिखाते हुए सभी यात्रियों को जल्दी से विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109